CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार


n वर्ष : 11 अंक :83 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 12 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 

# कांग्रेस के नेता चश्मा लगा ले फिर देखें मैं क्यों दिल्ली जाता हूं, मैं उनकी जैसे होटल में आराम नहीं करता : भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को हिंडोली में करीब 70 करोड रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया, महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा का अनावरण किया और सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर जमकर प्रहार किया, हिंडोली में ही रामसागर झील पर भगवान श्री राम की प्रतिमा का अनावरण करके झील के नैसर्गिक सौंदर्य को देखकर हो गए काफी खुश**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को प्रदेश की बूंदी जिले के हिंडोली में अमर्त्य गांव में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया और यही से करीब 70 करोड रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुअल तरीके से शिलान्यास और लोकार्पण भी किया, मुख्यमंत्री ने हिंडोली इलाके में ही स्थित रामसागर झील की पाल पर जाकर झील के नैसर्गिक सौंदर्य अपनी आंखों से निहार और झील के सौंदर्य को देखकर काफी खुश हुए तथा झीलों की पाल पर भगवान श्री राम की प्रतिमा का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने अमर्तिया चौक पर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा का भी अनावरण किया । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने लंबे भाषण में पिछली सरकार और कांग्रेस पार्टी के नेताओं को खरी खोटी सुनाई और कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार उनके दिल्ली दौरे पर कई तरह के बयान और कटाक्ष कर रहे हैं। मैं दिल्ली क्यों जाता हूं अगर इसकी हकीकत का पता लगाना है तो कांग्रेस के नेताओं को अपनी आंख पर चश्मा लगा लेना चाहिए जिससे उन्हें अपने आप ही पता चल जाएगा की वे जब-जब दिल्ली गए तब तब प्रदेश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए दिल्ली से क्या-क्या सौगातें लेकर आए। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं की तरह होटल में आराम करना पसंद नहीं करता मुझे प्रदेश की जनता की भलाई और प्रदेश के विकास के लिए काफी मेहनत करनी है और जहां भी मुझे प्रदेश की हितों के लिए जाना है वहां में जाऊंगा ही। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया उन्होंने पिछले 5 साल में प्रदेश में बड़े-बड़े घोटाले, जल जीवन मिशन घोटाला पेपर लीक जैसी घटनाओं को अंजाम देने के अलावा और कुछ भी काम नहीं किया । उन्होंने प्रदेश के किसान गरीब मजदूर परिवारों के होनहार बच्चों को पूरे 5 साल तक खून के आंसू रोने को मजबूर किया इसीलिए उन्हें प्रदेश के किसान युवा महिला मजदूर सभी ने सत्ता से बेदखल करके अपना बदला चुकाया।



## एक भी भ्रष्टाचारी जेल जाने से नहीं बचेगा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने बड़े-बड़े घोटाले किए जिसमें जल जीवन मिशन घोटाला जो प्रदेश की महिलाओं और प्रदेश के लोगों के हितों की रक्षा के लिए सीधा जुड़ा हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में हर घर में नल पहुंचने के मकसद से इस योजना को शुरू किया लेकिन इस योजना का पिछली सरकार ने दुरुपयोग किया और पूरी योजना को भ्रष्टाचार की भेट चढ दिया प्रदेश में कहीं पर टंकी बना दी तो पानी के स्रोत नहीं बनाई कहीं पर कागजों में तो पाइपलाइन बिछा दी गई लेकिन हकीकत में पाइपलाइन डाली ही नहीं गई । तरह-तरह से इस योजना में पिछली सरकार ने घोटाला किया जिसकी वजह से हर घर में नल तो नहीं पहुंचा लेकिन भ्रष्टाचार से बड़े-बड़े नेता और उनके चेहरे पर अफसर तथा ठेकेदारों के घर नोटों से आबाद हो गए। लेकिन हमारी सरकार ने इस घोटाले की सार्थक जांच करवा रही है जिसमें कई बड़े-बड़े लोगों को जेल पहुंचाया गया है एक भी भ्रष्टाचारी को बक्सा नहीं जाएगा चाहे कोई कितना ही बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति या या अधिकारी क्यों ना हो अगर उसने भ्रष्टाचार किया है तो वह निश्चित रूप से जेल जाएगा उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार करने वाले लोगों को छोड़ने वाली नहीं है ।



## हमारी सरकार ने सरकारी और निजी क्षेत्र में वादे के मुताबिक बड़ी संख्या में नौकरियां दी है

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोर देकर कहा कि हमारी सरकार ने अब तक के कार्यकाल में वादे के मुताबिक सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवाओं को नौकरी दी है जिसमें करीब सवा लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है तो 135000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में चल रही है इसके अलावा सवा लाख नौकरियां का नया कैलेंडर हमने जारी किया है इसी तरह से निजी क्षेत्र में भी हमने बड़ी संख्या में जिला स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन करके स्थानीय स्तर पर ही युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रभावी काम किया है इसमें बड़ी-बड़ी एनर्जी कंपनियों के माध्यम से युवाओं को रोजगार दिलवाया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाने के लिए उन्हें ब्याज मुक्त लोन भी उपलब्ध करवा रही है हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने वाला बनना चाहती है ना कि रोजगार लेने वाला मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी के नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि मैं बार-बार कांग्रेस पार्टी के नेताओं को लगातार यह सवाल पूछ रहा हूं कि प्रदेश में पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने पूरे 5 साल में जो कार्य किया उससे कई गुना ज्यादा कार्य हमारी सरकार ने पिछले सवा दो साल में ही करके दिखाया इस सवाल का कांग्रेस पार्टी के नेताओं के पास कोई जवाब नहीं है

## हमारी सरकार में 350 सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर हुए, एक भी पेपर लीक नहीं हुआ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक एक के बाद एक अनेक सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहे प्रदेश के किसान गरीब मजदूर परिवारों के बेटे अपने मां-बाप की मेहनत की कमाई के पैसे से शहर में आकर कंपटीशन एग्जाम की तैयारी की, किसी ने किराए का मकान लेकर तो किसी ने पीजी हॉस्टल में लेकर परीक्षाओं की तैयारी की लेकिन इस कड़ी मेहनत और परिवार वालों की गाड़ी कमाई के पैसे का कोई मतलब नहीं निकला क्योंकि परीक्षाओं केरिजल्ट आने से पहले ही पेपर लीक हो जाते थे इसलिए प्रदेश का युवा पूरे 5 साल तक बेरोजगारी के दर्द को सहता रहा परिवार वाले भी मानसिक रूप से परेशान होते रहे लेकिन पिछली सरकार ने पेपर लीक मामलों की जांच करवाना भी मुनासिब नहीं समझा क्योंकि पेपर लीक में सरकार में शामिल बड़े-बड़े लोग जो शामिल थे लेकिन हमारी सरकार ने सभी पेपर लीक मामलों की जांच के लिए विशेष कमेटी का गठन किया करीब 400 से ज्यादा लोगों को पेपर लीक के मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है बहुत से मामलों की जांच अभी जारी है एक भी दोषी व्यक्ति को छोड़ नहीं जाएगा गड़बड़ी करने वाले सभी अपराधियों को लगातार जेल भेज रहे हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में अब तक 350 के करीब सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हो चुका है

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बांदीकुई में 607.66 करोड़ के 213 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर बांदीकुई में 607.66 करोड रुपए की लागत से 213 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर कई तरह की महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात दोहराई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बांदीकुई पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर रखने की घोषणा की। इसके अलावा बांदीकुई दोसा रेलवे फाटक पर रेलवे और ब्रिज निर्माण बांदीकुई और बसवा नगर पालिका क्षेत्र में शिवराजऔर ड्रेनेज के कार्यों को स्वीकृति दी इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में सावित्रीबाई फुले ई लाइब्रेरी स्थापित करने और सभी जिलों में महात्मा ज्योतिबा फुले आदर्श विद्यालय खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार गरीब किसान मजदूर और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है । उन्होंने कहा कि शिक्षा आधारभूत ढांचा और सामाजिक सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है ।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बांदीकुई में राजेश पायलट राजकीय पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद करते हुए कहा कि दोनों ने अपना जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित किया उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं और राज्य सरकार उनकेआदर्श पर चलते हुए काम कर रही है द्य सभा में स्थानीय विधायक भागचंद और कई अन्य जनप्रतिनिधि तथा भाजपा के संगठन से जुड़े नेता शामिल रहे सभा में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई ।



# मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने ईसरदा बांध का निरीक्षण किया, आगामी जुलाई तक काम कंप्लीट करने के निर्देश दिए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने शनिवार को रामसेतु जल लिंक परियोजना से जुड़े महत्वपूर्ण ईसरदा बांध पर चल रहे विकास कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया । मुख्य सचिव के साथ टोंक जिला कलेक्टर टीना डाबी और अन्य कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव श्रीनिवास ने इस महत्वपूर्ण बांध की प्रत्येक जगह पर चल रहे विकास कार्यों का मौके पर जाकर अवलोकन किया और अधिकारियों को आगामी जुलाई माह तक हर हाल में इस बांध पर चल रहे सभी निर्माण कार्यों को कंप्लीट करने के निर्देश दिए तथा निर्माण कार्यों में उपयोग में लाई जा रही सामग्री में गुणवत्ता में किसी भी तरह की कोई कमी ना हो। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्य सचिव श्रीनिवास ने ईसरदा बांध पर चल रहे सभी तरह के विकास कार्यों की प्रगति को लेकर संतुष्टि जताई और कहा कि निर्माण कार्य ठीक तरह से संपादित हो रहे हैं उन्होंने कहा कि यह बांध रामसेतु जल लिंक परियोजना कामहत्वपूर्ण हिस्सा है इस बांध से दोसा जिले के करीब 1000 गांव के लोगों को पीने का पानी और किसानों को खेती का पानी उपलब्ध होगा। इसी तरह से आसपास के अन्य जिलों के गांव के लोगों को भी यहां से पानी उपलब्ध हो सकेगा जानकार लोगों का कहना है कि यह बांध इलाके के लाखों लोगों और किसान परिवारों के लिए वरदान साबित होगा और इलाके में पीने के पानी और खेत में सिंचाई के लिए पानी की कोई कमी नहीं रहेगी उन्होंने कहा कि राम सेतु जल लिंक परियोजना प्रदेश के पूर्वी हिस्से के कई जिलों के लोगों के पीने के पानी और सिंचाई के पानी की कमी को दूर करेगी इसलिए इस योजना को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद काफी गंभीर हैं और बराबर इस योजना से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों का फीडबैक लेते रहते हैं उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव श्रीनिवास पिछले कई दिनों से रोजाना प्रदेश भर में भ्रमण क्या हो रहा है करके विकास कार्यों का मौके पर जाकर अवलोकन कर रहे हैं और अलग-अलग जिलों में जाकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करके केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं का तो फीडबैक ले ही रहे हैं इसके अलावा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन और भाजपा के संकल्प पत्र के वादों के क्रियान्वयन के बारे में भी आवश्यक फीडबैक ले रहे हैं ।






CMYK

# जिला प्रशासन का नवाचार बुधविहार में बनी प्रदेश की पहली पार्क लाइब्रेरी

## कालिका टीम ने बेटियों को बताए सेल्फ डिफेंस के गुर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान पुलिस की कालिका पेट्रोलियम यूनिट चार में कार्यरत महिला कांस्टेबल कविता 1310 तथा मकोल 1863 की ओर से खुदनपुरी में बेटियों को अपनी आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इन दोनों महिला कांस्टेबल ने बताया कि राजस्थान पुलिस के हैल्प लाइन नंबर 100, 112, 1098, 1090, 1930 के उपयोग के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महिलाओं को आत्मरक्षा की ट्रिक बताई। इस मौके पर बेटियों और महिलाओं से सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाया। इसके साथ ही साइबर ठगी से बचाव, ठगी होने पर की जाने वाली कार्रवाई तथा यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी। बालिकाओं को गुड और बेड टच के बारे में बताया। यह जानकारी बहुत उपयोगी रही।



## वन राज्य मंत्री शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर माल्यार्पण कर व श्रद्धासुमन किए अर्पित

### महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन आदर्शो को आत्मसात करने का किया आह्वान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने शनिवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर अलवर में ज्योति राव फूले सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर वन राज्य मंत्री शर्मा ने कहा कि वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणा देने वाला है।उनका जीवन हमें सामाजिक समरसता और ज्ञान के लिए समर्पित रहकर दूसरों के कल्याण के लिए कार्य करने के आदर्श से जोड़ने वाला है। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फूले के समाज सुधारक कार्यों एवं उनके आदर्शों को अपनाकर शिक्षा और समानता के क्षेत्र में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इस दौरान सतीश यादव, जितेंद्र राठौड, मनोज निहालवानी, जीतू सैनी, पं. जले सिंह, डॉ के. के. शर्मा, सीताराम चौधरी, विष्णु शर्मा, दुलीचंद, शीला जांगिड़, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, लोचन यादव, मनोज चौहान, जीतू गुर्जर सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट सहित जिले भर में मनाई महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती

### जिला कलक्टर ने महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन संदेश को आत्मसात करने का किया आह्वान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अगुवाई में मिनी सचिवालय के कलेक्ट्रेट सभागार में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा इसी प्रकार नगर निगम कार्यालय सहित समस्त उपखण्ड कार्यालयों में महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिला कलक्टर डॉ.महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती के अवसर पर जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने आह्वान किया कि वे महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन-आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक एकता व समानता को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाएं। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक लक्ष्मण सिंह, बाल अधिकारिता के सहायक निदेशक रविकांत, नजीर तहसीलदार यशवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्मिक मौजूद रहें।




## महात्मा ज्योतिबा फुले कि 200वीं जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर बीड़ा सभागार भिवाड़ी में जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश द्वारा उनकी तस्वीर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने महात्मा फुले के जीवन एवं उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत, जातिगत भेदभाव एवं अशिक्षा के खिलाफ संघर्ष कर समानता और शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा, जहां उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिलकर देश का पहला बालिका विद्यालय प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि महात्मा फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया तथा शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन बताया।



## जिला कलक्टर ने लाइब्रेरी से जुड़ाव के लिए नागरिकों व संस्थाओं से पार्क लाइब्रेरी में पुस्तके डोनेट करने की अपील




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रशासन ने नगर विकास न्यास के माध्यम से अलवर शहर के नागरिकों को बुधविहार के डी ब्लॉक के पार्क में प्रदेश की पहली पार्क लाइब्रेरी के रूप में सौगात दी है, आधुनिक पार्क लाइब्रेरी को इस प्रकार विकसित किया गया है कि हरियाली एवं खुले वातावरण के बीच में हर वर्ग के पाठक बैठ कर सुविधाजनक रूप में अध्ययन कर सके।

### डिजिटल युग में रीडिंग हैबिट विकसित करने हेतु नवाचार

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने तथा आधुनिक डिजिटल दौर में पठन-पाठन की संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के अंतर्गत अलवर शहर स्थित बुद्धविहार कॉलोनी के डी-ब्लॉक के पार्क में 'पार्क लाइब्रेरी' की स्थापना की गई है। यह पहल प्रदेश स्तर पर एक अनुकरणीय प्रयास है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सुलभ, प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक वातावरण उपलब्ध कराना है।उन्होंने कहा कि पुस्तके ज्ञान, संस्कृति, संस्कार का भण्डार होती है। यह पार्क लाइब्रेरी प्रदेश में पहली बार हरियाली व खुले वातावरण में आधुनिक पार्क लाइब्रेरी का नवाचार किया गया है।जिसमें पढ़ने, घूमने और बच्चों के खेलने की व्यवस्था की गई है।मई माह में यह पार्क लाइब्रेरी आमजन के लिए लोकार्पित की जावेगी।उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक इस लाइब्रेरी का उपयोग अवश्य करें।

### जिला कलक्टर ने कि पुस्तक डोनेट करने की अपील

जिला कलक्टर ने बुधविहार पार्क लाइब्रेरी से नागरिकों व संस्थाओं के जुड़ाव और इस जनोपयोगी एवं ज्ञानवर्धक पहल को और अधिक समृद्ध एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह अभिनव प्रयास किया गया है। जिले के नागरिकों, संस्थाओं, भामाशाह एवं समाजसेवियों से अनुरोध किया है कि स्वैच्छिक रूप से इस जनहितकारी पहल में सहभागिता बन कर उत्कृष्ट एवं उपयोगी पुस्तकों के रूप में अपना सहयोग प्रदान करें। पुस्तके विशेष रूप से शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, प्रबंधन, इतिहास, व्यक्तित्व विकास एवं अन्य प्रेरणादायी विषयों से संबंधित अपनी पसंदीदा पुस्तकों का स्वागत किया जाएगा। निर्धारित मानदण्डों के अंतर्गत उल्लेखनीय सहयोग प्रदान करने वाले नागरिकोंव संस्थाओं के नाम लाइब्रेरी परिसर में सम्मानपूर्वक अंकित किए जाएंगे तथा जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर औपचारिक रूप से आभार अभिव्यक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सहयोग न केवल सामाजिक दायित्वों की पूर्ति का परिचायक होगा, अपितु समाज में ज्ञानार्जन की संस्कृति को सुदृढ़ करने एवं भावी पीढ़ी को प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### बहुपयोगी आधुनिक कांच का लाइब्रेरी हॉल मुख्य आकर्षण का केंद्र

बुधविहार पार्क लाइब्रेरी में आधुनिक कांच का हॉल बनाया गया है, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र है जो देखने में आकर्षक होने के साथ अध्ययन के शांत व और सुविधाजानक वातावरण उपलब्ध कराता है, जिसका डिजाइन इस प्रकार का है वहाँ बैठक कर अध्ययन करते समय प्राकृतिक वातावरण व हरियाली बैठने का सुखद अनुभव होता है। इस लाइब्रेरी के एक हिस्से में वरिष्ठ नागरिकों व सामान्य पाठकों के लिए व्यवस्था है तो दूसरी और बच्चों और युवाओं के लिए भी व्यवस्था रखी गई। अध्ययन करते समय पाठक कांच से बाहर पार्क में खेलते बच्चों पर नजर भी रख सकते है। इस लाइब्रेरी पार्क में पढ़ सकते है, घूम सकते है और खेल सकते है।

### आगामी 15 दिन तक कर सकते है पुस्तके डोनेट

बुधविहार पार्क लाइब्रेरी में आगामी 15 दिन तक पार्क लाइब्रेरी में पुस्तके डोनेट की जा सकती है। पार्क लाइब्रेरी में 5 हजार से अधिक पुस्तके रखने की क्षमता है, वर्तमान में 1500 पुस्तके है। जिसमें साहित्य, प्रतियोगिता परीक्षा, सामान्य ज्ञान, धार्मिक एवं अन्य विषयों की महत्वपूर्ण व उपयोगी पुस्तके है।

## महिलाओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

### 310 महिलाओं ने लिया लाभ







जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** क्षेत्र में संस्था 'एक प्रयास' द्वारा शनिवार को महिलाओं के लिए एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर सिख सिखिया गुरु विचार स्कूल परिसर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें कुल 310 महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में डॉ कंचन बत्रा एवं डॉ कुमुद गुप्ता ने महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई।

इस अवसर पर संस्था की सदस्य अरुणा देवरा, गायत्री डाटा, डॉ मंजू अग्रवाल, वीना अरोरा, पूनम अरोरा, कुसुम खंडेलवाल, तनुश्री देवरा, वंदना गुप्ता, सुमन अग्रवाल, बिंदु चचान, नेहा अग्रवाल, सविता अग्रवाल, रविता रावत, सुनीता बंका, आशा मित्तल एवं आरजू बकरेडिया उपस्थित रहीं। सभी सदस्यों ने शिविर के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।

शिविर के दौरान महिलाओं को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया तथा उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फल भी वितरित किए गए।

स्थानीय महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। आयोजकों के अनुसार संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

यह आयोजन समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में सामने आया।

## महंत बालकनाथ योगी की जनसुनवाई, कांग्रेस पर साधा निशाना

### भिवाड़ी, टपूकड़ा व तिजारा में सुनी जनसमस्याएं, विकास कार्यों की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालकनाथ योगी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जनसुनवाई करते हुए भिवाड़ी, टपूकड़ा एवं तिजारा में आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

कार्यक्रम के दौरान वे पेहल (मुंडावर) स्थित श्री प्रभातीनाथ आश्रम में आयोजित विशाल भंडारा एवं मेला कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की सेवा निरंतर जारी है और शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पानी व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। जहां भी समस्याएं सामने आती हैं, उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में तिजारा विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है, जिससे आमजन को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता कुंठाग्रस्त मानसिकता से ग्रसित हैं और समय-समय पर भाजपा एवं आरएसएस के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करते रहते हैं, जो उनके वास्तविक चरित्र को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से तुष्टिकरण और समाज को बांटने की राजनीति की है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं का जवाब देश की जनता पहले भी दे चुकी है और आगे भी देगी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और भारत की उपलब्धियों को पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है।

## महात्मा ज्योतिबा फुले समाज सुधार और महिला शिक्षा के जनक थे- बस्तीराम यादव




जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** कस्बा बड़ोद में आयोजित महान क्रांतिकारी, समाज सुधारक, महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वीं जयंती समारोह के मुख्य अतिथि बस्तीराम यादव एडवोकेट प्रधान प्रतिनिधि बहरोड थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता गोवर्धन सैनी ने की। बस्तीराम यादव ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले महिला शिक्षा के जनक थे। जिन्होंने सामाजिक समानता, समरसता और सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी। जो क्रांतिकारी महान समाज सुधारक थे, तथा समाज सुधार और महिला शिक्षा के जनक थे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान नंद्रराम ओला, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बृजानंद आर्य, पूर्व प्रधान रंगरावसिंह यादव, पार्षद राजेंद्र यादव, रोहतास गुर्जर, सुनील यादव, सैनी समाज के प्रधान महावीर प्रसाद सैनी, पूर्व प्रधान अमीलाल सैनी, लल्लू राम सैनी, कैलाश चंद सैनी, कैप्टन लीलाराम सैनी, गिरधारी पहलवान, बाबूलाल सैनी, मुरारीलाल सैनी, संजय सैनी, संदीप मेघवाल, मंगल सैनी, मनफूल सैनी पार्षद, विक्रम यादव पार्षद, रवि सैनी, किरोड़ी सैनी, सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिन्होंने महात्मा ज्योतिबा फूले एवं सावित्रीबाई फुले को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चंद्र सैनी ने किया।

## परमेश्वर सैनी का राष्ट्रीय जाट महासभा ने किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)।** यूपी के दिग्गज भाजपा नेता और पूर्व एमएलसी परमेश्वर सैनी का राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में अभिनंदन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक ने माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर व दुपट्टा पहनाकर परमेश्वर सैनी का स्वागत किया। इस अवसर पर परमेश्वर सैनी ने कहा कि मूलतः मैं राजस्थान का लोसल का ही हूं लेकिन पिछले काफी सालों से यूपी के संभल और मुरादाबाद की राजनीति में सक्रिय हूं। सुजानगढ़ में हुए स्वागत को लेकर उन्होंने आभार जताया और कहा कि राष्ट्रीय जाट महासभा की ओर से किए गए स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कीलक ने कहा कि यूपी की राजनीति में काफी अच्छा दखल रखने वाले परमेश्वर सैनी काफी सरल स्वभाव के धनी हैं और काफी लोकप्रिय भी हैं। इस अवसर पर गिरधारीलाल, हरि भामू, पंकज स्वामी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा खाटू श्याम जी के दरबार में : पुलिस ने सलामी दी, मंदिर कमेटी ने किया जोरदार स्वागत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** असम में विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ मतदान हुआ है असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा फिर से अपनी पार्टी की सरकार बनने का दावा कर रहे हैं असम में बंपर वोटिंग के बाद मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शनिवार को सीकर जिले में स्थित विश्व विख्यात खाटू श्याम जी मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे यहां पर पुलिस की ओर से उन्हें सलामी दी गई तथा मंदिर कमेटी की ओर से उनका जोरदार वेलकम किया गया मंदिर कमेटी ने उन्हें बाबा श्याम की चांदी की प्रतिमा भेट की और शॉल उड़ाकर उनका सम्मान किया इस मौके पर मंदिर के पुजारी ने मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा के हाथों से पूजा अर्चना करवाई इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में बंपर वोटिंग हुई है उनकी सरकार के कार्यों से लोग काफी खुश हैं इसीलिए लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया जो उनकी जीत को सुनिश्चित कर रही है उन्होंने कहा कि असम में चुनाव प्रचार का अपना एक अलग ही तरीका होता है असम में लोग चुनाव प्रचार में जमकर हिस्सा लेते हैं एंजॉय करते हैं और नृत्य गायन इत्यादि के माध्यम से प्रचार प्रसार भी करते हैं यह असम के कलर में शामिल है इसलिए चुनाव प्रचार के दौरान उनसे भी रहा नहीं गया और उन्होंने भी खूब डांस किया उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने असम में जबरदस्त तरीके से विकास कार्यों को गति दी है केंद्र सरकार के सहयोग से असम में बड़े पैमाने पर विकास कार्य हुए हैं और शांति और कानूनी व्यवस्था में जबरदस्त सुधार हुआ है इसलिए प्रदेश के लोगों का फिर से उन्हें आशीर्वाद मिलेगा जानकारी के अनुसार यह कोई पहली बार नहीं है जब असम के मुख्यमंत्री ने खाटू श्याम जी में हाजिरी लगाई हो इससे पहले भी उन्होंने यहां हाजिरी लगाई है

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू, जिला- जयपुर (राज.)

क्रमांक/न.पा.चा./2026 /363 दिनांक :- 10/04/2026

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस नगर पालिका क्षेत्र में स्थित विभिन्न भूखण्डों की निम्नानुसार पत्रावली / प्रार्थना पत्र मय साईट प्लान राजस्थान नगरीय क्षेत्र कृषि भूमि के अकृषि उपयोग के अनुज्ञा एवं आवंटन नियम 2012 के तहत् निस्तारण हेतु विचाराधीन है :-

| क.स. | नाम | पिता/पति का नाम | पता | एरिया | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जाकिर खान | अब्दुल वहीद खान | भू.सं. 04, 05, 06, 07 राधा गोविन्द नगर, चाकसू | 466.66 वर्गगज | आवासीय से व्यावसायिक उपयोग हेतु भू-उपयोग परिवर्तन |
| 2. | कविता गुर्जर | रामनिवास गुर्जर | भू.सं. 02, 03, 08, 09 राधा गोविन्द नगर, चाकसू | 466.66 वर्गगज | आवासीय से व्यावसायिक उपयोग हेतु भू-उपयोग परिवर्तन |
| 3. | मान सिंह खारवाल | मोती लाल खारवाल | भू.सं. 01 राधा गोविन्द नगर, चाकसू | 115.50 वर्ग | आवासीय से व्यावसायिक उपयोग हेतु भू-उपयोग परिवर्तन |

उक्त भूमि के नियमन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति है तो वह आपत्ति को लिखित में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अंदर - 2 इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति अंगीकार नहीं की जावेगी एवं तदानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा ।
उक्त सूचना आज दिनांक 10/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मुहर द्वारा प्रसारित किया गया ।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका चाकसू**

## पश्चिम रेलवे के साबरमती स्टेशन पर तकनीकि कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 14821 जोधपुर -साबरमती एक्सप्रेस, जो दिनांक 13 .4.2026 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी, वह आबू रोड तक ही संचालित होगी अर्थात यह रेल सेवा आबू रोड-साबरमती के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14822 साबरमती -जोधपुर एक्सप्रेस दिनांक 14.4.2026 को साबरमती के स्थान पर आबू रोड से जोधपुर के लिए संचालित होगी अर्थात यह रेल सेवा साबरमती- आबू रोड के मध्य रहेगी,गाड़ी संख्या 19032 ऋषिकेश - साबरमती योगा एक्सप्रेस, जो दिनांक 13.4.2026 को ऋषिकेश से प्रस्थान करेगी, वह साबरमती के स्थान पर साबरमती ए केबिन पर जाएगी। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 22497 श्री गंगानगर- तिरुचिरापल्ली हमसफ़र एक्सप्रेस जो दिनांक 13.4.2026 को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी अपने निर्धारित मार्ग खोडियार, साबरमती डी केबिन, साबरमती ए केबिन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया खोडियार ,चांदलोडिया बी केबिन एवं साबरमती ए केबिन होकर संचालित होगी।

## अमिताभ के कुशल प्रबंधन से उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2025-26 में अर्जित किया सर्वश्रेष्ठ परिचालन अनुपात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे यात्रियों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अपने आय और व्यय में भी संतुलन बनाए रखने में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्तवर्ष 2025-26 में उत्तर पश्चिम रेलवे का परिचालन अनुपात भी 99.56 प्रतिशत रहा जो उत्तर पश्चिम रेलवे की एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। पिछले वर्ष इस अवधि में परिचालन अनुपात 106.51 प्रतिशत था । रेलवे बोर्ड द्वारा इस वर्ष के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे परिचालन अनुपात के लिए 102.36 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के कुशल दिशानिर्देश में उत्तर पश्चिम रेलवे ने अपने संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग कर यह सफलता हासिल की है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर आय को बढ़ाने के लिए संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा रहा है जिसके तहत रेलवे राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के नेतृत्व में उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्री तथा माल परिवहन संचालन में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर अलग पहचान बनाई है तथा अधिक राजस्व को प्राप्त कर रेल यात्रियों को सुगम परिवहन की अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर कर रहा है।

## एसीबी की टीम ने करौली में अंता नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की गाड़ी से 3.71 लाख रुपए बरामद किए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने शनिवार को प्रदेश में करौली में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते थे अंता नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी महेंद्र सिंह जाटव की गाड़ी से 371000 रुपए बरामद किए हैं खबर लिखे जाने तक बरामद की गई रकम के बारे में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारी महेंद्र सिंह जाटव से आवश्यक पूछताछ कर रहे हैं पूछताछ में महेंद्र सिंह की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की बात सामने आई है इसलिए कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को संदेह है कि बरामद की गई रकम भ्रष्टाचार से सीधी जुड़ी हुई है इसलिए इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है जानकारी के अनुसार महेंद्र सिंह जाटव के पास अंता नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पद का भी चार्ज है महेंद्र सिंह जाटव के बारे में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को लगातार शिकायत मिल रही थी इसलिए महेंद्र सिंह जाटव एसीबी की रडार पर थे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम लगातार महेंद्र सिंह की गतिविधियों पर नजर रख रही थी इस दौरान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को संकेत मिले बारा से करौली आ रहे महेंद्र सिंह जाटव की गाड़ी में संदिग्ध रकम रखी हुई है जिसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की विशेष टीम में करौली में महेंद्र सिंह जाटव की गाड़ी को रुकवाया और गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें 371000 रुपए मिले प्रारंभिक पूछताछ में इस रकम के बारे में महेंद्र सिंह जाटव ने संतोष जनक जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों को नहीं दी इसके बाद एसीबी के अधिकारियों का शक और बढ़ गया अब एसीबी के अधिकारियों को लग रहा है कि बरामद की गई धनराशि रिश्वत से जुड़ी हुई हो सकती है इसलिए महेंद्र सिंह से गहनता से पूछताछ की जा रही है ।

## पति-पत्नी में विवाद : ससुराल वालों पर पति को तलवार से काट देने का आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बीकानेर की मुक्ता प्रसाद नगर थाना इलाके में पति-पत्नी के बीच आपस में विवाद में ससुराल पक्ष के लोगों पर पति को तलवार से काट देने का मामला दर्ज करवाया गया है पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है तथा आरोपी लोगों से पूछताछ की जा रही है जानकारी के अनुसार मृतक जयसिंह है जिसकी तलवार से बेरहमी से हत्या किए जाने की बात सामने आई है मृतक के परिजनों की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है की जय सिंह का अपनी पत्नी के साथ मनमुटाव चल रहा था दोनों के बीच आपस में संबंध ठीक नहीं थे इसलिए पत्नी के पीहर पक्ष के लोगों ने एक राय होकर जय सिंह की हत्या की है पुलिस इस प्रकरण में मृतक की पत्नी और पीहर पक्ष के लोगों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है इसके अलावा आस पड़ोस के लोगों से भी आवश्यक पूछताछ की जा रही है घटना की हकीकत का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है दिल दहलाने वाले इस हत्याकांड में मृतक के साले ने ही अपने जीजा जय सिंह पर तलवार से जबर्दस्त प्रहार किया जिसकी वजह से उसकी मौत हुई पुलिस ने जय सिंह की बॉडी को कब्जे में कर लिया है और आरोपी युवक की तलाश की जा रही है ।

## कालवाड़ में गर्लफ्रेंड को डराने के लिए आत्मदाह का फेक वीडियो बनाते शराब के नशे में युवक झुलस गया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के कालवाड़ थाना इलाके में एक युवक को अपनी गर्लफ्रेंड को आत्मदाह का फेक वीडियो भेजने का प्लान उसकी जिंदगी के लिए उस समय खतरनाक बन गया जब शराब के नशे में युवक ने खुद पर पेट्रोल डाल लिया और पेट्रोल डालने का वीडियो अपने मोबाइल से बनाने का प्रयास करने लगा इस दौरान उसने जैसे ही माचिस की तिल्ली जले उसके बदन के कपड़ों ने आग पकड़ ली जिसकी वजह से वह मौके पर ही करीब 45 प्रतिशत झुलस गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में उपचार करवा रहे युवक ने पहले तो पुलिस पूछताछ में यह बताया कि बिजली का करंट लगने से यह हादसा हुआ है फिर उसने किसी और पर आग लगाने का आरोप लगाया बाद में उसने खुद ही स्वीकार किया कि उसने खुद ही अपने बदन पर पेट्रोल उड़ेला था और अपनी गर्लफ्रेंड को डराने के लिए उसने एक वीडियो बनाने की कोशिश की थी लेकिन इस दौरान ही माचिस की तिल्ली जलाने से उसका बदन जल गया युवक जब सुसाइड का वीडियो बना रहा था उस समय वहनशे में था पुलिस अब इस पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है फिलहाल युवक का उपचार जारी है और उसकी हालत अभी स्थिर बनी हुई है पुलिस युवक के परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है ।

# कांग्रेस के नेता सिर्फ देश में हड़कंप मचाने का ही प्रयास करते हैं, राष्ट्रीय चरित्र कांग्रेस में है ही नहीं: मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।**प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को बीकानेर में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं में राष्ट्रीय चरित्र है ही नहीं उन्होंने कहा कि चाहे पक्ष हो या विपक्ष दोनों में राष्ट्रीय चरित्र का होना बहुत जरूरी है दोनों में ही राष्ट्रभक्ति होना बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि पूरा भारतवर्ष एक परिवार की तरह हैं इसलिए अगर किसी परिवार में किसी के यहां आटा खत्म हो जाए और वह पड़ोस में जाकर यह कहे की हमारे यहां आटा खत्म हो गया है तो फिर उस परिवार की इज्जत पर तो विपरीत असर पड़ेगा ही इसलिए परिवार और घर में कोई समस्या होती है तो सभी को आपस में बैठकर समस्या का समाधान निकालना चाहिए लेकिन कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय चरित्र का अभाव है इसीलिए खाड़ी देश में युद्ध के दौरान ईंधन गैस को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने देश में जानबूझकर लोगों में हड़कंप मचाने का प्रयास किया उन्होंने कहा कि देश में पर्याप्त मात्रा में गैस और ईंधन था लेकिन चाहे राहुल गांधी हो चाहे सोनिया गांधी हो चाहे अशोक गहलोत, डोटासरा हो टीकाराम जूली हो तमाम नेताओं ने अनर्गल बयान देकर लोगों में भ्रांतियां और यह डर फैलाने का प्रयास किया कि देश में गैस की काफी कमी हो गई है इसलिए जिन लोगों के पास पहले से ही सिलेंडर थे उन्होंने दूसरा सिलेंडर भी हाथों-हाथ बुक करवाने में लग गए जिसकी वजह से एक अलग ही माहौल कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बनाने का प्रयास किया जो यह दिखाता है कि कांग्रेस पार्टी में ना तो राष्ट्रीय चरित्र है और ना ही राष्ट्रीय भक्ति एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा में लोकसभा और राज्यसभा में मंजूर हो चुका है इस दौरान कांग्रेस पार्टी ने भी इस बिल के समर्थन में मतदान किया अब कांग्रेस पार्टी इस बिल को लेकर कई तरह की बातें कह रही है इसलिए कांग्रेस पार्टी को इस बिल के बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को पुरुषों के बराबर सम्मान देना चाहती है उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज की महिलाओं को भी तीन तलाक से मुक्ति दिलवाई जो अपने आप में एक बड़ा काम मोदी ने किया एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव करवाने के लिए सरकारी स्तर पर कहीं भी कोई भी कमी नहीं है सरकार चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार है इसके लिए निर्वाचन आयोग पूरी तरह से स्वतंत्र है इसमें सरकार का कहीं कोई दखल नहीं है लेकिन निर्वाचन विभाग ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के बिना कैसे चुनाव करवाए यह भी एक सोचने वाली बात है इस बात को कांग्रेस पार्टी के नेता भी अच्छी तरह से जानते हैं लेकिन बेवजह अनर्गल बातें करके मीडिया में बने रहने के लिए हमारी सरकार पर चुनाव नहीं करवाने का जो आरोप लगाते हैं यह पूरी तरह से बकवास है एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत को कांग्रेस पार्टी ने पूरी तरह से इग्नोर कर दिया है गहलोत कि अब पहले जितनी इज्जत ना तो दिल्ली में है और ना ही राजस्थान में पार्टी हाई कमान उन्हें पार्टी से संबंधित कोई भी काम भी नहीं दे रहा ऐसे में अशोक गहलोत सोशल मीडिया के माध्यम से खुद को प्रदेश और देश की जनता में बनाए रखने का प्रयास इंतजार शास्त्र के माध्यम से कर रहे हैं लेकिन इंतजार शास्त्र में जो बातें गहलोत रोजाना उठा रहे हैं उनकी हकीकत के बारे में जनता अच्छी तरह से जानती है इसलिए गहलोत के इंतजार शास्त्र में बिल्कुल भी दम नहीं ।

## राज्य क्रिकेट संघ और जिला संघ के चुनाव करवाना हमारी प्रमुख प्राथमिकता: कन्वीनर मोहित यादव

### राज्य क्रिकेट संघ की नई तदर्थ कमेटी की बैठक आयोजित, नए कन्वीनर मोहित यादव ने अपने दफ्तर का नक्शा और लुक भी बदल डाला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य क्रिकेट संघ की नई तदर्थ कमेटी की बैठक शनिवार को आयोजित हुई बैठक में राज्य क्रिकेट संघ और जिला क्रिकेट संघ में चुनाव करवाने के संदर्भ में जो जो कमियां और गड़बड़ियों हैं उन्हें दूर करने के बारे में सामूहिक मंथन किया गया इसके अलावा प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटर के विकास और कल्याण के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और राज्य क्रिकेट संघ के बीच आपस में बेहतर तालमेल और समन्वय बनाने के प्रयासों और जिला क्रिकेट संघ और राज्य क्रिकेट संघ के बीच अच्छा तालमेल बनाने के प्रयासों से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कमेटी के कन्वीनर मोहित यादव ने बताया कि हमारा पूरा फोकस राज्य क्रिकेट संघ और जिला क्रिकेट संघ के चुनाव जल्दी से जल्दी करवाने पर है इसके लिए पहले जिला क्रिकेट संघ में चुनाव करवाने संबंधी जितने भी विवाद त्रुटियां और कमियां चल रही है उन्हें दूर करने के बारे में गंभीरता से आज की बैठक में मंथन किया गया है एक अन्य सवाल के जवाब में मोहित यादव ने कहा कि चुनाव कब तक होंगे यह तो अभी बता पाना काफी मुश्किल है क्योंकि पहले प्रदेश के कई जिला क्रिकेट संघ में चुनाव करवाने की प्रक्रिया में कई तरह की त्रुटियां विवादऔर कमियां है जिन्हें दूर करने के बाद ही चुनाव की प्रक्रिया ठीक तरह से संपादित हो पाएगी इसलिए पहले जिला क्रिकेट संघ में चुनाव करवाने के लिए अच्छी व्यवस्था और अच्छा माहौल तैयार करने के बारे में हमारा पूरा प्रयास है लेकिन चुनाव हमारी प्राथमिकता में है और हम जल्दी से जल्दी चुनाव करवाने की दिशा में काम कर रहे हैं जानकारी के अनुसार तदर्थ कमेटी के नए कन्वीनर मोहित यादव ने अपने दफ्तर में वास्तु दोष के साए से बचने के लिए दफ्तर का लुक और आकार भी बदल डाला है बताया गया है कि पूर्व कन्वीनर डीडी कुमावत के दौरान तदर्थ कमेटी के सदस्यों के बीच हमेशा टकराव के हालात बन रहे कमेटी में ही जब टकराव के हालात बने हुए थे तो फिर राज्य क्रिकेट संघ कैसे ठीक तरह से अपना कार्य कर सकता था इसीलिए जब तक कुमावत कन्वीनर रहे तब तक प्रदेश में तदर्थ कमेटी के सदस्य और तत्कालीन कन्वीनर डीडी कुमावत हमेशा मीडिया में अपने संबंधों को लेकर चर्चा का विषय बन रहे जिसकी वजह से राज्य क्रिकेट संघ की गतिविधियां और कार्य पूरी तरह से बाधित रहे इसलिए नए कन्वीनर मोहित यादव कहीं ना कही ऐसा महसूस कर रहे थे कि दफ्तर में तो कहीं वास्तु दोष नहीं है इसीलिए उन्होंने दफ्तर का नक्शा ही पूरी तरह से बदल डाला अब देखने वाली बात यह है कि मोहित यादव कमेटी के सदस्यों के साथ में रखते हुए प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों की भलाई और कल्याण के लिए कितना कार्य कर पाते हैं ।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु भावनगर टर्मिनस-हरिद्वार-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु भावनगरटर्मिनस-हरिद्वार-भावनगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09271, भावनगर टर्मिनस-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 12.4.26 से 31.5.26 तक (8 ट्रिप) भावनगर टर्मिनस से प्रत्येक रविवार को 04.25 बजे रवाना होकर सोमवार को 15.00 बजे हरिद्वार पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09272, हरिद्वार-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 13.4.26 से 1.6.26 तक (8 ट्रिप) हरिद्वार से प्रत्येक सोमवार को 16.25 बजे रवाना होकर मंगलवार को 04.35 बजे भावनगर टर्मिनस पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सिहोर गुजरात, धोला, बोटाड, सुरेन्द्रनर गेट, विरमगाम, आम्बली रोड, गांधीनगर कैपिटल, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाडा, फालना, मारवाड जं, पाली, मारवाड, लूनी, जोधपुर, गोटन, मेडता रोड, डेगाना, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ, रतनगढ, चूरू, सादुलपुर, सिवानी, हिसार, हांसी, भिवानी, कलानौर कलां, रोहतक, पानीपत, अम्बाला कैंट, सहारनपुर व रूडकी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 2 सैकण्ड एसी, 6 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान, 4 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 2 पॉवरकार डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बें होगें। गाडी संख्या 09271, भावनगर टर्मिनस-हरिद्वार स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 19.4.26 व 26.4.26 को भावनगर टर्मिनस से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग वाया डेगाना-फुलेरा-रींगस-नारनौल-रेवाडी-भिवानी होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा मार्ग में मकराना, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल व रेवाडी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसी तरह गाडी संख्या 09272, हरिद्वार-भावनगर टर्मिनस स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 20.4.26 व 27.4.26 को हरिद्वार से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग वाया भिवानी-रेवाडी-नारनौल-रींगस-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा मार्ग में रेवाडी, नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा, मकराना स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल की चोमू थाने में जनसुनवाई, 38 पीड़ित शिकायत लेकर पहुंचे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को चोमू थाने में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया इस जनसुनवाई कार्यक्रम में हरमाड़ा विश्वकर्मा दौलतपुरा और आसपास के अन्य पुलिस स्टेशन से जुड़े पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर कमिश्नर के पास पहुंचे कमिश्नर ने प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति की शिकायत को बहुत ही गंभीरता से ध्यानपूर्वक सुना और शिकायत के निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस अधिकारी और जांच अधिकारी को निश्चित समय अवधि में जांच कंप्लीट करने के निर्देश भी दिए इस मौके पर जयपुर शहर पश्चिम से जुड़े सभी बड़े पुलिस अधिकारी इस जनसुनवाई कार्यक्रम में मौजूद रहे पुलिस कमिश्नर के इस जनसुनवाई कार्यक्रम के मध्य नजर चौमू पुलिस स्टेशन परिसर में विशाल पंडाल तैयार किया गया यहां पुलिस कमिश्नर के पहुंचने पर पुलिस के जवानों ने कमिश्नर सचिन मित्तल को सलामी दी पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने मौके पर ही मौजूद पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक का भी आयोजन किया तथा अधिकारियों को पीड़ित व्यक्तियों की शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण करने के निर्देश देने के साथ-साथ हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत को दर्ज करने के निर्देश भी दिए तथा पुलिस और आमजन के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय बने इसके लिए पुलिस स्टेशन में तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स भी दिए पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने चोमू थाने का बारीकी से निरीक्षण किया यहां शिकायती रजिस्टर थाने में दर्ज एफआईआर की संख्या, पुलिस मामलों की जांच प्रगति, पुलिस मामलों की पेंडेंसी, बीट व्यवस्था पुलिस के दिन और रात के पहरे की व्यवस्था थाने में मौजूद महिला डेस्क इत्यादि के गंभीरता से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए उल्लेखनीय है कि पुलिस थानों में कमिश्नर की ओर से संपादित किए जा रहे इस जनसुनवाई कार्यक्रम के अच्छे नतीजे भी देखने को मिल रहे हैं कमिश्नर के इस तरह से पुलिस थानों में जाकर पुलिस थानों की कार्य प्रणाली का निरीक्षण करना और पीड़ितों की समस्याओं का निवारण करवाना निश्चित रूप से इस तरह के कार्यों से एक तरफ जहां जयपुर पुलिस की छवि में काफी सुधार हो रहा है तो दूसरी तरफ पुलिस थानों के कार्य प्रणाली और पुलिस थानों में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यवहार में भी अच्छा बदलाव देखने को मिल रहा है इसीलिए कमिश्नर सचिन मित्तल लगातार शहर के पुलिस थानों का अचानक निरीक्षण करने भी पहुंच जाते हैं तो वहां पर अपना जनसुनवाई कार्यक्रम का भी आयोजन कर रहे हैं जो अपने आप में शहर पुलिस का एक अच्छा प्रयास माना जा सकता है।

## मुख्यमंत्री ने किया अन्नदाता का अपमान, किसान विरोधी बयान के लिए माफी मांगें: टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक बयान जारी कर कहा है कि शुक्रवार को एक पांच सितारा होटल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के अन्नदाता और उसकी जी-तोड़ मेहनत का सार्वजनिक रूप से उपहास उड़ाकर भाजपा की किसान-विरोधी विचारधारा का पुख्ता प्रमाण दिया है। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आज किसानों के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में घोर असंवेदनशीलता का परिचय देते हुए यह तर्क दिया कि किसान साल में केवल 20-25 दिन ही काम करता है और बाकी 11 महीने बैठकर आर्थिक मज़बूती की उम्मीद रखता है। मुख्यमंत्री का यह बयान उन करोड़ों किसानों का अपमान है जो हाड़ कंपा देने वाली ठंड और झुलसा देने वाली धूप में दिन-रात पसीना बहाते हैं। मुख्यमंत्री का यह वक्तव्य न केवल धरातल की सच्चाई से परे है, बल्कि प्रदेश के मेहनतकश किसान के आत्मसम्मान को गहरी चोट पहुँचाने वाला है नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह तर्क न केवल शर्मनाक है बल्कि किसानों की व्यावहारिक समस्याओं के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को भी दर्शाता है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि किसान के खेत से पानी बह जाता है लेकिन वह डिग्गी तक नहीं बनाता और शहरों में जाकर रहने लगा है। जूली ने पलटवार करते हुए कहा कि एक तरफ तो सरकार संसाधनों के अभाव और खाद-बीज की किल्लत से किसान की कमर तोड़ रही है और दूसरी तरफ मुख्यमंत्री उनकी मेहनत पर सवाल उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री को यह समझना चाहिए कि किसान मजबूरी में शहर नहीं जाता, बल्कि खेती को घाटे का सौदा बना देने वाली डबल इंजन सरकार की गलत नीतियों के कारण वह संघर्ष कर रहा है। जूली ने कड़े शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान दरअसल भाजपा की मूल किसान-विरोधी सोच का ही प्रतिबिंब है। जब प्रदेश का किसान खाद के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़ा हुआ था, तब यह सरकार मौन थी। हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि से प्रदेश के अन्नदाता की साल भर की कमाई मिट्टी में मिल गई, लेकिन संवेदनहीनता की पराकाष्ठा देखिए कि मुख्यमंत्री को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही कोटा में कर्ज के बोझ से दबे किसान की फसल का कम दाम मिलने से परेशान होने के बाद मृत्यु हो गई,ये प्रदेश में किसान की वास्तविक स्थिति है। जूली ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों के प्रति इस उपेक्षा का इतिहास पुराना है। मोदी सरकार किसानों के खिलाफ तीन काले कानून लेकर आई थी, जिसके विरोध में देश का अन्नदाता महीनों तक सड़कों पर धरने पर बैठा रहा, लेकिन प्रधानमंत्री का दिल नहीं पसीजा। आज वही क्रूर मानसिकता राजस्थान की भाजपा सरकार के बयानों में भी झलक रही है, जहाँ फाइव-स्टार होटलों के मंचों से किसानों की मेहनत का अपमान करना एक परिपाटी बन गया है। नेता प्रतिपक्ष नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पुरजोर मांग की है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा किसानों के खिलाफ दिए गए इस अपमानजनक बयान के लिए तुरंत माफी मांगें। उन्होंने कहा कि प्रदेश का अन्नदाता इस अपमान को सहन नहीं करेगा। जूली ने चेतावनी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को अपने शब्द वापस लेने चाहिए ।

# आज प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

### जयपुर में सांसद मंजू शर्मा पत्रकार सम्मेलन को करेंगे संबोधित, प्रदेश में सभी लोकसभा क्षेत्र में सांसद, महिला पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि पत्रकारों को करेंगे संबोधित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्र में विशेष संवाददाता सम्मेलन का एक साथ आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में जयपुर में जयपुर सांसद मंजू शर्मा की ओर से संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा आज प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्र में हो रहे इन संवाददाता सम्मेलन को महिला सांसद, प्रदेश भाजपा महिला के संगठन से जुड़ी नेता और पार्टी के जनप्रतिनिधियों की ओर से संबोधित किया जाएगा संवाददाता सम्मेलन में केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाई जा रही कदमों के बारे संबोधित किया जाएगा संवाददाता सम्मेलन में केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा तथा महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा की स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट की जाएगी और यह बताया जाएगा कि इस बिल को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल दोगला व्यवहार कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को ही प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया था इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राएं मौजूद थी इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित हो चुकी महिलाओं तथा एनजीओ में काम कर रही महिलाओं को भी विशेष रूप से मुख्यमंत्री ने सामूहिक संवाद के लिए आमंत्रित किया था इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए किया जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी और बताया था कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के शासन के बाद दूर हाथ में लेने के बाद से केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को आगे रखकर ही जन कल्याणकारी योजनाएं बना रही है इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महिलाओं से केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी फीडबैक लिया था और उपस्थित महिलाओं से महिलाओं के जीवन को और कैसे खुशहाल बनाया जा सकता है इसके लिए भी उपस्थित महिलाओं से सुझाव लिए थे भारतीय जनता पार्टी अब राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में महिलाओं में अपनी पकड़ को मजबूत बनाए रखने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का तो आयोजन कर ही रही है इसके अलावा केंद्र की मोदी सरकार के महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के इस बिल पर बाधा पहुंचाने के प्रयासों के बारे में भी पत्रकारों को आज आयोजित हो रही इस प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताने का प्रयास करेंगे जानकारी के अनुसार राजस्थान भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष राखी राठौर की ओर से नारी शक्ति वंदनकार्यक्रम के प्रदेश भरमें सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार की है इस अभियान के माध्यम से महिला मोर्चा के संगठन से जुड़ी छोटी बड़ी सभी कार्यकर्ता गांव गांव जाकर महिलाओं को यह बताने का प्रयास करेंगे की महिलाओं के सशक्तिकरण में केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजन लाल सरकार ने कितने अच्छे और शानदार कार्य किए हैं इसके लिए मीडिया के माध्यम से भी जबरदस्त तरीके से महिला सशक्तिकरण के कार्यों के बारे में प्रचार प्रसार करने की रणनीति महिला मोर्चा ने अपने स्तर पर भी तैयार की है जिसमें प्रदेश भर में महिला मोर्चा के संगठन से जुड़ी नेता ज्यादा से ज्यादा प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से मोदी सरकार और भजनलाल सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों का प्रचार प्रसार करने जा रही है ।

## सम्पादकीय

### लेबनान हमले के बाद फिर बढ़ी पश्चिम एशिया में तनाव की आशंका



पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच यह पहला मौका था, जब ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच चौदह दिनों के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। मगर इजराइल ने बुधवार को ही जिस तरह लेबनान पर हमला किया, उससे साफ है कि युद्धविराम में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। गौरतलब है कि लेबनान पर इजराइली हमले में दो सौ से ज्यादा आम लोग मारे गए। विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इजराइल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इजराइल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। जबकि इस बीच इजराइल और अमेरिका की ओर से जिस तरह की बेलगाम बयानबाजियां जारी रहीं, उससे पहले ही हालात और बिगड़ने की आशंका बनी हुई थी। विडंबना यह भी है कि लेबनान पर इजराइल के हमले के बाद अब ईरान ने फिर से होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा की है। निश्चित रूप से ईरान के इस रुख को उसकी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, लेकिन सवाल है कि इस समूचे परिदृश्य में किसी भी पक्ष की जिद और अकड़ का नतीजा क्या निकल रहा है! इजराइल और अमेरिका ने जिस दिन ईरान पर साझा हमला किया था, तभी से यह आशंका बनी हुई थी कि इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। इसके बाद ईरान ने स्वाभाविक ही रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद दुनिया के ज्यादातर देशों में प्राकृतिक तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई। जिन देशों के पास इसके विकल्प थे, वहां के हालात अपेक्षया नियंत्रण में रहे, लेकिन भारत सहित बहुत सारे ऐसे देश हैं, जहां पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस का संकट पैदा हो गया और आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे में युद्धविराम की घोषणा के बाद यह उम्मीद जगी थी कि अब होर्मुज जलमार्ग के खुलने से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुलेगा और स्थिति सुधरेगी। मगर लेबनान पर इजराइल के ताजा हमले में जिस तरह बड़े पैमाने पर आम लोगों की मौत की खबर आई है और उसके बाद ईरान ने जैसी प्रतिक्रिया दी है, उससे एक बार फिर शांति की उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सवाल है कि अगर युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी इजराइली हमले रोकना शामिल था, तो इस पर अमल के बजाय इसे ताक पर रख कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के पीछे कौन-सी मंशा काम कर रही है। यही नहीं, इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इजराइल फिर से ईरान के खिलाफ लड़ाई शुरू करेगा। खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस भड़काऊ लहजे में बात कर रहे हैं, उसे कैसे देखा जाएगा? हैरानी की बात है कि ट्रंप युद्धविराम और उसकी शर्तों पर सहमति जताने के बाद लेबनान पर हमले के मसले को समझौते से अलग बताते हैं। क्या इसे शांति के लिए हुई पहलकदमी को कमजोर करने की तरह नहीं देखा जाएगा? दूसरी ओर, ईरान ने कहा कि युद्धविराम और इजराइल के जरिए जंग, दोनों साथ नहीं चल सकते। ऐसे में यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि युद्धविराम कितने दिनों तक बना रहेगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पश्चिम एशिया के इस युद्ध का खमियाजा दुनिया के ज्यादातर देश उठा रहे हैं और अगर स्थायी युद्धविराम का रास्ता नहीं निकाला गया, तो इसके विपरीत असर को संभालना मुश्किल हो जाएगा। इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में वैश्विक राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां 'शक्ति ही सत्य है' की अवधारणा पुनर्जीवित हो गई है।



## कहानी

### मीठे जूते

ये भाई बहनों को अजीब-अजीब तरीक़े से बेवक़ूफ़ बनाते हैं। भाई के हाथों निको बनने वाली बहन की रूदाद। नन्हे भाई बिल्कुल नन्हे नहीं बल्कि सबसे ज़्यादा क़द-आवर और सिवाए आपा के सबसे बड़े हैं। नन्हे भाई आए दिन नित नए तरीक़ों से हम लोगों को उल्लू बनाया करते थे। एक दिन कहने लगे, 'चमड़ा खाओगी? '

हमने कहा, 'नहीं, थू! हम तो चमड़ा नहीं खाते। '

'मत खाओ!' ये कह कर चमड़े का एक टुकड़ा मुँह में रख लिया और मज़े-मज़े से खाने लगे।

अब तो हम बड़े चकराए। डरते-डरते ज़रा सा चमड़ा लेकर हमने ज़बान लगाई। अरे वाह, क्या मज़ेदार चमड़ा था, खट्टा-मीठा। हमने पूछा 'कहाँ से लाए नन्हे भाई? '

उन्होंने बताया, 'हमारा जूता पुराना हो गया था, वही काट डाला। '

झट हमने अपना जूता चखने की कोशिश की। आख़ थू! तौबा, मारे सड़ाँद के नाक उड़ गई।

'अरे बेवक़ूफ़ ये क्या कर रही हो? तुम्हारे जूते का चमड़ा अच्छा नहीं है और ये है बड़ा गंदा। आपा की जो नई गुरगाबी है ना, इसे काटो तो अंदर से मीठा-मीठा चमड़ा निकलेगा।' नन्हे भाई ने हमें राय दी।

और बस उस दिन से हमने गुरगाबी को गुलाब जामुन समझ कर ताड़ना शुरू कर दिया। देखते ही मुँह में पानी भर आता।

ईद का दिन था...

आपा अपनी हसीन और मह-जबीन गुरगाबी पहने, पाँयचे फड़काती, सिवय्याँ बाँट रही थीं। आपा ज़ुहर की नमाज़ पढ़ने जूँ-ही खड़ी हुईं, नन्हे मियाँ ने हमें इशारा किया।

'अब मौक़ा है, आपा नीयत तोड़ नहीं सकेंगी। '

'मगर काटें काहे से?' हमने पूछा...

'आपा की संदूक़ची से सलमा सितारा काटने की क़ैंची निकाल लाओ। '

हमने जूँ-ही गुरगाबी का भूरा मुलाइम चमड़ा काट कर अपने मुँह में रखा, हमारे सर पर झट चप्पलें पड़ीं। पहले तो आपा ने हमारी अच्छी तरह कुंदी की, फिर पूछा 'ये क्या कर रही है? '

'खा रहे हैं।' हमने निहायत मिस्कीन सूरत बना कर बताया...

ये कहना था सारा घर हमारे पीछे हाथ धो कर पड़ गया। हमारी तिक्का-बोटी हो रही थी कि अब्बा मियाँ आ गए। मजिस्ट्रेट थे, फ़ौरन मुक़द्दमा मय मुजरिमा और मक़्तूल गुरगाबी के रोती पीटती आपा ने पेश किया। अब्बा मियाँ हैरान रह गए। उधर नन्हे भाई मारे हंसी के क़लाबाज़ियाँ खा रहे थे। अब्बा मियाँ निहायत ग़मगीं आवाज़ में बोले, 'सच बताओ, जूता खा रही थी? '

'हाँ।' हमने रोते हुए इक़्बाल-ए-जुर्म किया।

'क्यों? ' 'मीठा होता है। '

'जूता मीठा होता है? ' 'हाँ।' हम फिर रेंके...

'ये क्या बक रही है बेगम?' उन्होंने फ़िक्रमंद हो कर अम्माँ की तरफ़ देखा।

अम्माँ मुँह बिसूर कर कहने लगीं। 'या ख़ुदा एक तो लड़की ज़ात, दूसरे जूते खाने का चसका पड़ गया तो कौन क़बूलेगा। '

हमने लाख समझाने की कोशिश की कि भई चमड़ा सच में बहुत मीठा होता है। नन्हे भाई ने हमें एक दिन खिलाया था, मगर कौन सुनता था।

'झूटी है।' नन्हे भाई साफ़ मुकर गए।

बहुत दिनों तक ये मुअम्मा किसी की समझ में न आया।

# आसान नहीं होता युद्ध खत्म करना

*शुरुआती दौर में ही शीर्ष नेता अयातुल्ला खामेनेई की हत्या इसी धारणा के अनुरूप थी कि इससे शासन परिवर्तन में आसानी होगी। हालांकि खामेनेई की मौत ने शासन परिवर्तन के बजाय ईरानियों को और एकजुट करने का ही काम किया। शासन पर पहले जो दबाव महसूस हो रहा था, वह भी छिन्न-भिन्न हो गया। फिर लड़ाई लंबे दौर में दाखिल हो गई और पूरी दुनिया उसकी तपिश महसूस करने लगी। इतिहास पर दृष्टि डालें तो यूरोपीय सैन्य नेतृत्व ने 1914 की गर्मियों में यह सोचकर युद्ध छेड़ा कि क्रिसमस तक लड़ाई थम जाएगी, मगर हुआ इसका उलटा और यह जंग नवंबर 1918 तक जारी रही। जर्मनी ने बख्तरबंद सेना और वायुसेना के घातक उपयोग वाली ब्लिट्जक्रेग यानी बिजली की चपलता वाली रणनीति के जरिये 1940 में पश्चिमी यूरोप के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया, लेकिन यह शुरुआती सफलता भी अंततः उसे जीत नहीं दिला पाई। सोवियत संघ के साथ जर्मनी 1941 में ऐसे विध्वंसक एवं अंतहीन युद्ध में उलझा, जिसमें दोनों खेमों को ही भारी क्षति पहुंची, लेकिन इसका परिणाम जर्मनी के विभाजन के रूप में निकला। देखा जाए तो दोनों विश्व युद्धों में जीत की कुंजी वास्तविक सैन्य शक्ति से अधिक धैर्य और लंबे समय तक संघर्ष में टिके रहने की क्षमता में निहित थी। इसी क्रम में कोरियाई युद्ध तीन वर्षों से अधिक समय तक चला और अमेरिकी सैनिक वियतनाम में*



वियतनाम युद्ध में हुई किरकिरी से सबक लेते हुए जब अमेरिकी सेनाएं 1991 के खाड़ी युद्ध में उतरीं तो उन्होंने थल, नभ एवं जल सेना के ऐसे अभूतपूर्व समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत किया कि चंद दिनों में ही युद्ध का निर्णायक फैसला हो गया। आपरेशन डेजर्ट स्टार्म नाम से चला वह अभियान अमेरिका की बड़ी सैन्य सफलताओं में से एक माना जाता है। हालांकि उसके कुछ साल बाद ही अफगानिस्तान में अमेरिका का आतंक विरोधी अभियान इतना लंबा खिंचा कि उसे कभी न समाप्त होने वाले 'अंतहीन युद्ध' की संज्ञा मिलने लगी। अमेरिकी सेना के सबसे लंबे अभियान के रूप में दर्ज हुए इस अभियान के विषय में यह भी कहा जा सकता है कि अमेरिका को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी, क्योंकि तालिबान फिर से अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हो गए। इसी तरह रूस ने भी यूक्रेन पर इसी धारणा के साथ हमला किया कि कुछ ही दिनों में वह हथियार डाल देगा, लेकिन वह लड़ाई अभी तक जारी है। अक्टूबर 2023 में जब हमास के हमले के बाद इजरायल ने गाजा को निशाना बनाया तो यही माना गया था कि थोड़े समय में ही यह लड़ाई थम जाएगी, मगर उस लड़ाई का दायरा बढ़कर लेबनान, सीरिया और यमन तक विस्तारित होता गया। हालांकि जनवरी में वहां एक युद्धविराम की स्थिति तो बनी, लेकिन वहां भीषण मानवीय आपदा की स्थिति को अनदेखा नहीं किया जा सकता। ईरान युद्ध का उदाहरण लें तो उसकी शुरुआत भी संभवतः इसी विचार के साथ हुई हो कि जल्द ही इसका परिणाम सामने आ जाएगा। शुरुआती दौर में ही शीर्ष नेता अयातुल्ला खामेनेई की हत्या इसी धारणा के अनुरूप थी कि इससे शासन परिवर्तन में आसानी होगी। हालांकि खामेनेई की मौत ने शासन परिवर्तन के बजाय ईरानियों को और एकजुट करने का ही काम किया। शासन पर पहले जो दबाव महसूस हो रहा था, वह भी छिन्न-भिन्न हो गया। फिर लड़ाई लंबे दौर में दाखिल हो गई और पूरी दुनिया उसकी तपिश महसूस करने लगी। इतिहास पर दृष्टि डालें तो यूरोपीय सैन्य नेतृत्व ने 1914 की गर्मियों में यह सोचकर युद्ध छेड़ा कि क्रिसमस तक लड़ाई थम जाएगी, मगर हुआ इसका उलटा और यह जंग नवंबर 1918 तक जारी रही।

जर्मनी ने बख्तरबंद सेना और वायुसेना के घातक उपयोग वाली ब्लिट्जक्रेग यानी बिजली की चपलता वाली रणनीति के जरिये 1940 में पश्चिमी यूरोप के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया, लेकिन यह शुरुआती सफलता भी अंततः उसे जीत नहीं दिला पाई। सोवियत संघ के साथ जर्मनी 1941 में ऐसे विध्वंसक एवं अंतहीन युद्ध में उलझा, जिसमें दोनों खेमों को ही भारी क्षति पहुंची, लेकिन इसका परिणाम जर्मनी के विभाजन के रूप में निकला।

देखा जाए तो दोनों विश्व युद्धों में जीत की कुंजी वास्तविक सैन्य शक्ति से अधिक धैर्य और लंबे समय तक संघर्ष में टिके रहने की क्षमता में निहित थी। इसी क्रम में कोरियाई युद्ध तीन वर्षों से अधिक समय तक चला और अमेरिकी सैनिक वियतनाम में एक दशक से भी अधिक समय तक तैनात रहे। हालांकि इस सबका यह अर्थ नहीं कि आधुनिक सशस्त्र संघर्षों का निर्णय तत्काल नहीं हो पाता। जून 1967 में इजरायल ने एक सप्ताह के भीतर ही अरब देशों के गठबंधन को धूल चटा दी थी। बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए हुए 1971 के युद्ध में भी भारत ने मात्र 13 दिनों की लड़ाई में ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया था। गत वर्ष आपरेशन सिंदूर में भारत की करीब 88 घंटों की जोरदार कार्रवाई के बाद ही पाकिस्तान संघर्षविराम की गुहार लगाने लगा था। सैन्य रणनीतियों में संक्षिप्त स्वरूप में तीव्र प्रहार और एकाएक किए हमलों के जरिये जीत की अपनी महत्ता रही है, लेकिन इतिहास साक्षी है कि जो सेनाएं इस भरोसे के साथ रणभूमि में उतरीं, उन्हें यह अनुभूति भी हुई कि किसी भी युद्ध को अपेक्षित समय में संतोषजनक परिणामों के साथ समाप्त करना कितनी टेढ़ी खीर साबित हुआ। संक्षिप्त युद्ध की रणनीति मुख्य रूप से प्रतिद्वंद्वी को एकाएक हमले से चौंकाने पर टिकी होती है। इसमें पूरी ताकत से ऐसे हमलों पर जोर होता है कि दुश्मन को संभलने का कोई मौका ही न मिले और उस पर निर्णायक बढ़त बनाई जाए। यह भी स्मरण रखना होगा कि छोटे युद्ध उन संसाधनों के दम पर लड़े जाते हैं जो उस समय उपलब्ध होते हैं, लेकिन लंबे खिंचने वाले युद्धों के लिए उन क्षमताओं को विकसित करना पड़ता है, जो निरंतर बदलती युद्ध स्थितियों के अनुरूप उपयोगी साबित हो सकें। संक्षिप्त युद्ध अर्थव्यवस्था और समाज के लिए अस्थायी व्यवधान पैदा करते हैं और इनमें व्यापक आपूर्ति श्रृंखला की भी खास दरकार नहीं होती। जबकि लंबे खिंचने वाले युद्धों में ऐसी रणनीतियां आवश्यक हो जाती हैं, जो जनता का मनोबल और समर्थन बनाए रख सकें। ईरान युद्ध में अमेरिका और इजरायल का सामना एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी से हुआ, जो न केवल उसके हमलों को झेल रहा था, बल्कि उनका तत्परता से जवाब भी दे रहा था। इस दौरान ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से ऊर्जा आपूर्ति को बाधित करके उसे एक आर्थिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया।

# राजनीतिक दृढ़ता का अप्रतिम उदाहरण

*रात्रि में भी अभियान छेड़ने के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया, जिनमें ऐसी सुविधा वाले 68 हैलीपैड भी शामिल हैं, जहां रात को भी लैंडिंग संभव थी। माओवाद के विरुद्ध मिली उल्लेखनीय सफलता यह सोचने पर भी विवश करती है कि करीब 12 करोड़ की आबादी वाले हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाली माओवादी हिंसा से निपटने में पूर्व की सरकारें क्यों विफल रहीं? इसका स्पष्ट उत्तर निकलेगा और वह है दृढ़ता की कमी और राजनीतिक मजबूरियां। दूसरे शब्दों में कहें तो नीयत साफ नहीं थी। देश में माओवाद की जड़ें इंदिरा गांधी के शासन में पनपनी शुरू हुईं। 1969 में कांग्रेस में विभाजन के बाद इंदिरा गांधी को अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए वामपंथी दलों के सहारे की जरूरत थी। इस सहारे के बदले में कांग्रेस सरकार ने वामपंथियों और उनके वैचारिक सहोदरों माओवादियों के प्रति नरम रुख अपनाया। कांग्रेस ने*



एक समय जिस माओवाद को देश की आंतरिक सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक के रूप में देखा जाता था, उससे देश को अब मुक्ति मिल गई है। इस मुक्ति में माओवाद के सफाए से जुड़े मोदी सरकार के संकल्प की अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा माओवाद विरोधी नीतियों के सक्षम क्रियान्वयन के दम पर देश इस चुनौती से पार पाने में सफल हो सका है। याद रहे कि 2014 में जब मोदी प्रधानमंत्री बने तब 126 जिले माओवाद से प्रभावित थे।

इनमें से 36 में तो माओवादियों की तूती बोलती थी। अब माओवाद की बची-खुची जड़ें केवल दो जिलों तक सिमटकर रह गई हैं और उनके वर्चस्व वाले जिलों की संख्या शून्य हो गई। माओवादी हिंसा देश की जड़ों को खोखला कर रही थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों और संबंधित राज्यों के पुलिस बल की एक व्यापक एवं सुव्यवस्थित रणनीति से ही माओवाद की समाप्ति में सफलता मिल सकी। निश्चित रूप से यह मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। बीते दिनों गृहमंत्री अमित शाह ने संसद को इस सफलता के विषय में सूचित भी किया। उन्होंने सदन में बताया कि 2014 से अब तक 4,839 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। जबकि 2,218 गिरफ्तार किए गए और 706 माआवोदी विभिन्न अभियानों में मार गिराए गए। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में राज्य की बढ़ती पैठ का एक प्रमाण यह है कि इस दौरान वहां 596 पुलिस थाने मजबूत किले में तब्दील हो गए तो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के 406 नए कैंप भी स्थापित किए गए।

रात्रि में भी अभियान छेड़ने के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया, जिनमें ऐसी सुविधा वाले 68 हैलीपैड भी शामिल हैं, जहां रात को भी लैंडिंग संभव थी। माओवाद के विरुद्ध मिली उल्लेखनीय सफलता यह सोचने पर भी विवश करती है कि करीब 12 करोड़ की आबादी वाले हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाली माओवादी हिंसा से निपटने में पूर्व की सरकारें क्यों विफल रहीं? इसका स्पष्ट उत्तर निकलेगा और वह है दृढ़ता की कमी और राजनीतिक मजबूरियां। दूसरे शब्दों में कहें तो नीयत साफ नहीं थी। देश में माओवाद की जड़ें इंदिरा गांधी के शासन में पनपनी शुरू हुईं। 1969 में कांग्रेस में विभाजन के बाद इंदिरा गांधी को अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए वामपंथी दलों के सहारे की जरूरत थी। इस सहारे के बदले में कांग्रेस सरकार ने वामपंथियों और उनके वैचारिक सहोदरों माओवादियों के प्रति नरम रुख अपनाया। कांग्रेस ने स्वयं को प्रगतिशील दिखाने के लिए भी माओवादियों पर सख्ती नहीं की। जबकि माओवाद मध्य भारत में अपना विस्तार करते हुए देश की जड़ों को दीमक की तरह खोखला कर रहा था। इसका ही परिणाम रहा कि छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, केरल, बंगाल, मध्य प्रदेश, आंध्र और तेलंगाना जैसे राज्यों में फैलते गए माओवाद से देश में लाल गलियारे की संकल्पनाएं तैरने लगीं। माओवाद से निपटने के मामले में स्थितियां केंद्र में मोदी सरकार के बनने के बाद बदलीं। गृहमंत्री अमित शाह ने एक व्यापक, बहुआयामी दृष्टिकोण तैयार किया। पूर्व की सरकारें इस आधार पर भी विफल रहीं कि वे स्थानीय जनता को यह भरोसा दिलाने में सक्षम नहीं हो पाईं कि सरकार माओवाद की समाप्ति को लेकर गंभीर है। इसी कारण जनता में माओवादियों का खौफ बना रहा। मोदी सरकार ने लोगों का यह नजरिया बदला। मोदी के शासनकाल में हालात बदलने लगे।

# जासूसी का जाल, साजिश रचने में लगा आईएसआई



दिल्ली पुलिस की ओर से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े संदिग्ध आतंकियों के एक और गुट का भंडाफोड़ यही बताता है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ बड़े पैमाने पर साजिश रचने में लगा हुआ है और उसने भारत के संवेदनशील ठिकानों की जासूसी के लिए एक बड़ा नेटवर्क खड़ा कर लिया है। चिंता की बात केवल यह नहीं कि पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले संदिग्ध आतंकी उसे महत्वपूर्ण स्थलों के लाइव फुटेज भेज रहे, बल्कि यह भी है कि वे ऐसे ठिकानों की भी जानकारी प्रेषित कर रहे, जहां आतंकी हमले किए जा सकें। इसका मतलब है कि आपरेशन सिंदूर में पस्त होने से बौखलाया पाकिस्तान भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए हर संभव तरीके से हाथ-पांव मार रहा है। एक ओर वह अमेरिका की चापलूसी करके अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि सुधारने की चेष्टा के साथ खुद को शांति दूत के रूप में पेश कर रहा है और दूसरी ओर आतंक को पालने-पोसने से बाज नहीं आ रहा है। वह जैसी खतरनाक भारत विरोधी हरकतों में लिप्त है, उनसे यही पता चलता है कि वह पहले की ही तरह जिहादियों को तैयार करने में लगा हुआ है। भारत को पाकिस्तान को चेताने के साथ ही उसके शैतानी चेहरे को बेनकाब करने के लिए नए सिरे से सक्रियता दिखानी होगी, क्योंकि उसके यहां का आतंकी ढांचा जस का तस है। वहां किस प्रकार पहले की ही तरह जिहादी तैयार हो रहे हैं, इसका ताजा उदाहरण हाल में कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकी की गिरफ्तारी है। इसके अलावा गत दिनों एक पाकिस्तानी इस्लामिक स्टेट से प्रेरित होकर न्यूयार्क के एक यहूदी केंद्र पर आतंकी हमले की साजिश में पकड़ा गया। इस पर अमेरिका के साथ पश्चिम के अन्य देशों को भी गौर करना होगा, क्योंकि यह पहला ऐसा मामला नहीं, जब कोई पाकिस्तानी आतंकी विदेश में किसी आतंकी हमले की साजिश में लिप्त पाया गया हो। दुनिया को समझना होगा कि पाकिस्तान अब भी आतंक का निर्यात करने में लगा हुआ है। वह भारत के साथ अफगानिस्तान को भी अस्थिर करने की ताक में है। हमारे नीति-नियंताओं को इससे चिंतित होना चाहिए कि पाकिस्तान को अपने लिए जासूसी करने यानी भारत से गद्दारी करने वाले तत्व इतनी आसानी से कैसे मिल जा रहे हैं। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि वे या तो जिहादी बनने के उन्माद से ग्रस्त होकर पाकिस्तान के हाथों में खेल रहे हैं या फिर पैसों के लालच में देश के दुश्मन बन जा रहे हैं।

# गायों को गुड़ खिलाकर मनाया बैद का जन्मदिन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के पूर्व विधायक डॉक्टर चंद्रशेखर बैद के समर्थकों ने शनिवार को बैद का जन्म दिवस मानवता भलाई के साथ मनाया। इस मौके पर उनके समर्थकों ने कस्बे के वार्ड 3 में स्थित आदर्श गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया व भाग्य श्री अनाथ आश्रम में मंदबुध्दि लोगों को भोजन व फल वितरित किया और एक दूसरे को बैद के जन्म दिवस की बधाई दी, बैद के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सेवानिवर्त अध्यापक गिरधारीलाल सोलंकी, हरी इंदौरिया, गुलाब सोलंकी, डूंगरमल लुहार, दाऊद लुहार, श्रवण सैनी, नथमल कन्दोई, इकरामुदीन, सदीक, बिलाल लुहार, गुलाब नबी, अदरीश बिसायती सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट व अभद्रता करने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** पुलिस थाना फुलेरा ने घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट व अभद्रता करने तथा नकदी छीनने के मामले में एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद (IPS) ने बताया कि परिवादी की ओर से दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि 10 मार्च 2026 को आरोपी धनराज शराब के नशे में उसकी दुकान में घुस आया, मारपीट की तथा गल्ले में रखी करीब 50 हजार रुपये से अधिक की राशि निकाल ली। विरोध करने पर आरोपी ने घर की महिलाओं व बच्चों के साथ मारपीट करते हुए अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी की ओर से गांव में आने-जाने वाले लोगों को धमकाने, महिलाओं के साथ अभद्रता करने तथा अशोभनीय हरकतें करने की शिकायतें भी सामने आई हैं, जिससे ग्रामीणों में भय व आक्रोश का माहौल बना हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना फुलेरा में प्रकरण संख्या 54/2026 विभिन्न धाराओं में दर्ज कर जांच शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के निर्देशन तथा थानाधिकारी फुलेरा राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सूचना संकलन व तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी धनराम पुत्र किशनराम, उम्र 47 वर्ष, निवासी श्यामपुरा, थाना फुलेरा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी चार आपराधिक प्रकरण दर्ज बताए गए हैं। पुलिस टीम में राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक, जयप्रकाश हेड कांस्टेबल,रामावतार, कांस्टेबल हंसराज शामिल रहे।

# गुंदोज में 5.75 करोड़ से बनेगा आधुनिक सीएचसी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में शनिवार को गुंदोज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के नए भवन का शिलान्यास किया गया। कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि यह भवन क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 5.75 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस अत्याधुनिक भवन में 30 बिस्तरों की सुविधा के साथ ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, एक्स-रे यूनिट और ओपीडी ब्लॉक विकसित किए जाएंगे। मंत्री कुमावत ने कहा कि इस केंद्र के शुरू होने से आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय या बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। नए सीएचसी भवन से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# पुलिस कमिश्नर मित्तल ने की जनसुनवाई, साइबर अपराध पर अंकुश के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को चौमूं पुलिस थाने का दौरा किया। उनके आगमन पर पुलिस कर्मियों ने गॉड ऑफ ओनर दिया। इस दौरान हरमाड़ा, विश्वकर्मा, दौलतपुरा और चौंमू थानो से संबंधित परिवार्दियों की जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में कमिश्नर ने आमजन की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम के लिए चौमूं पुलिस थाना परिसर को विशेष रूप से सजाया गया जहां रेड कारपेट बिछाकर कमिश्नर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण, आईपीएस उषा यादव, चौमूं थाना प्रभारी हरबेंद्र सिंह और हरमाड़ा थाना प्रभारी उदय सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आमजन और पुलिस के बीच संवाद बढ़ाना तथा लंबित मामलों का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना था। पुलिस कमिश्नर मित्तल ने प्रत्येक परिवादी कि शिकायत को गंभीरता से सुना उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और लंबित मामलों का शीघ्र से शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने संवाद को मजबूत करने और शिकायतों पर संवेदनशीलता और पारदर्शिता से कार्रवाई करने पर जोर दिया।

# धरना देकर लड़ेंगे व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई: किसान सभा

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर धाम में बाउंसर्स की ओर से श्रद्धालुओं के साथ की गई मारपीट के विरोध में सालासर धाम में 13 अप्रैल को प्रस्तावित धरने प्रदर्शन को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। उपखंड मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते हुए जिला सचिव कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने कहा कि जिस प्रकार से सालासर में अमीरों की खुशामदी और वीआईपी दर्शन का कल्चर विकसित हुआ है वह आम गरीब श्रद्धालुओं के लिए घातक है। किसान सभा व्यवस्था परिवर्तन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करेगी, क्योंकि कब तक गरीब मार खायेगा और माफी मांगेगा। इसलिए हमारी अपील है कि अधिक से अधिक श्रद्धालु सालासर में होने वाले धरने में भाग लें। एसएफआई के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी ने कहा कि 5 अप्रेल को सालासर मंदिर में जो घटना श्रद्धालुओ के साथ हुई थी, उसके खिलाफ सामाजिक संगठन उतरे हैं, इसलिए आम व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए, ताकि अव्यवस्था को सुधारा जा सके। एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने कहा कि सालासर के पास धर्मशालाओं और होटलो के मायाजाल बन गए हैं, लेकिन गरीब के लिए कोई सुविधा नहीं है। गरीबों को धक्के दिए जाने की घटनाएं पहले भी सामने आई हैं। किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गोदारा ने कहा कि बालाजी धाम में आए चढ़ावे के पैसे से विलासिता की जिन्दगी कुछ लोग जी रहे हैं, जबकि पैसा आम जनता का है, जो सरकार में जाना चाहिए। इसलिए मंदिर को देवस्थान विभाग के अधीन लेने की हमारी मुख्य मांग है। एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया ने कहा कि बालाजी महाराज में हमारी गहरी आस्था है, इसलिए हम लोगों ने व्यवस्था परिवर्तन की बीड़ा उठाया है, ताकि आम जन को सालाधर धाम में जाने पर अपमान का सामना नहीं करना पड़े। क्योंकि अब तक दोषियों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। डीवाईएफआई के जिलाध्यक्ष दीनदयाल गुलेरिया ने कहा कि सालासर में घुसते ही स्टेडियम गंदगी से भरा पड़ा है। पोस्ट ऑफिस तक पर लोगो ने अतिक्रमण कर लिया, लेकिन प्रशासन इस प्रकार के लोगों पर कार्यवाही नहीं कर रहा है, इसलिए व्यवस्था परिवर्तन की इस लड़ाई में आम लोगो को साथ में आना चाहिए।

# राजलदेसर में गंदगी का अंबार: श्मशान मार्ग पर मलबा व मृत पशु फेंकने से आवागमन बाधित

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के दक्षिण स्थित श्मशानघाट भूतनाथ मंदिर होकर सिमसिया जाने वाले मुख्य मार्ग पर गंदगी और मलबे का अंबार लगने से हालात बदतर हो गए हैं। सरकारी जमीन व सड़क किनारे कचरा और मलबा डाले जाने से जहां आवागमन बाधित हो रहा है, वहीं क्षेत्र में दुर्गंध फैलने से लोगों का जीना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में मृत पशु भी खुले में डाले जा रहे हैं, जिससे आवारा व जंगली कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। ये कुत्ते राहगीरों और बाइक सवारों पर हमला कर रहे हैं, जिससे कई लोग घायल हो चुके हैं। गौरतलब है कि इसी मार्ग पर भूतनाथ मंदिर, श्मशानघाट और भद्रकाली शक्तिपीठ जोगेन्द्राश्रम स्थित हैं, जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता है। लेकिन फैली गंदगी और दुर्गंध के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर नगरपालिका को कई बार अवगत कराया जा चुका है। नगरपालिका की ओर से कचरा उठाने के लिए मशीन भी लगाई गई, लेकिन वह कभी संचालित होती नजर नहीं आई। वहीं, कचरा नहीं डालने के निर्देश होने के बावजूद कचरा गाड़ी द्वारा इसी स्थान पर कचरा डाला जा रहा है।

# श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में दो दिवसीय प्रवेशोत्सव व पूर्व स्नातक सम्मेलन का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स





**चूरू(निस)।** स्थानीय श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रवेशोत्सव व पूर्व स्नातक सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को हुआ। कार्यक्रम का आगाज माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। वैदिक परंपराओं और आधुनिक शिक्षा के समन्वय का संदेश देते हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, आचार्यों और पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले सत्र में संत चैतन्य महाराज ने भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राचीन भारतीय विद्याएँ आज भी जीवन को दिशा व दशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस दौरान स्वदेश स्वरूप दास महाराज ने गुरु-शिष्य परंपरा की महिमा का गुणगान करते हुए एकलव्य के उदाहरण से श्रद्धा और समर्पण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि गुरू के प्रति सच्ची आस्था ही साधक को सफलता के शिखर तक पहुंचाती है। द्वितीय सत्र में गीता गान के साथ कार्यक्रम परवान चढ़ा। इस दौरान महाराज ने रामायण और महाभारत के प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य भवानी शंकर शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अतिथियों का सम्मान किया। अंतिम चरण में पूर्व छात्रों और वर्तमान ब्रह्मचारियों के मध्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान मैदान में अनुभव और युवा ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन ने नए विद्यार्थियों के स्वागत के साथ-साथ पूर्व छात्रों के जुड़ाव को भी मजबूत कर दिया। प्रबंधक ईश्वर सिंह राठौड़ ने बताया कि रविवार को दूसरे दिन विभिन्न सत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# प्रतिमा अनावरण समारोह को ऐतिहासिक बनाने जुटे कार्यकर्ता, गांव-गांव बांटे पीले चावल

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** जिला मुख्यालय रतनगढ़ में होने वाले वीर योद्धा लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान लगातार तेज किया जा रहा है। इसी क्रम में चौथे दिन भी कार्यकर्ताओं की ओर से विभिन्न गांवों में पहुंचकर पीले चावल बांटकर आमंत्रण दिया गया। 22 अप्रैल को चूरू में आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में ले. जनरल सगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा, साथ ही इस अवसर पर माननीय राजेंद्र राठौड़ का जन्मदिन भी समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान भागीरथ सिंह ने कहा कि ले. जनरल सगत सिंह एक साहसी योद्धा और कुशल रणनीतिकार थे, जिन्होंने भारतीय सेना में अपनी सेवाओं से अमिट छाप छोड़ी। वहीं पवन सिंह कुसुमदेसर ने उनके सैन्य जीवन और इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इतिहासकारों और सैन्य विशेषज्ञों के अनुसार सगत सिंह विश्व के सर्वश्रेष्ठ फील्ड कमांडरों में गिने जाते हैं। उनकी तुलना अमेरिकी जनरल जॉर्ज पैटन और जर्मन जनरल इरविन रोमेल से की जाती है। जनसंपर्क अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने हुडेरा, नोसरिया, सिकराली, भानुदा, ढाणी बाढ़ा, पाबुसर, हसासर, छोटड़िया, मेलुसर, मालासर और गोगासर सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर नंदकिशोर भार्गव, सम्पत नायक (लूंछ सरपंच), देवेंद्र सिंह (सरपंच नोसरिया), करणी सिंह राजियासर, पर्वत सिंह लधासर, करणी सिंह बंडवा, गिरवर सिंह, भगवानदास सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अपने आप बुझ जाएगी आग, कहकर लौटे दमकलकर्मी

जयपुर टाइम्स





**सुमेरपुर(निस)।** कोलीवाड़ा- मोडेला स्थित मोमोजी मंदिर की पहाड़ी पर शनिवार को अज्ञात कारणों से आग लगने का मामला सामने आया है। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।झ्र घटना की सूचना मिलने के बावजूद अग्निशमन दल करीब डेढ़ घंटे की देरी से मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों का आरोप है कि टीम ने मौके पर स्थिति का जायजा लेने के बाद आग बुझाने के प्रयास करने के बजाय यह कहकर लौटना उचित समझा कि आग अपने आप बुझ जाएगी। हालांकि कुछ समय बाद फिर से पहाड़ी से धुआं उठने लगा, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जाती तो आग पर जल्द काबू पाया जा सकता था और वन्य जीवों व पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता था। ग्रामीणों ने इस लापरवाही को गंभीर बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की तत्परता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

# कमलेश कुमार सोनी संगम अकादमी सम्मान' से सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** संगम अकादमी व पब्लिकेशन, कोटा राजस्थान की ओर से साहित्य, शिक्षा, कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने की कड़ी में कमलेश सोनी पुत्र हरिशंकर सोनी को 'संगम अकादमी सम्मान 2026' से अलंकृत किया गया है। संस्था के निदेशक ओम प्रकाश लववंशी और सचिव अनिल कुमार ने बताया कि (कमलेश कुमार) को यह सम्मान उनकी ओर से (शिक्षा क्षेत्र ) के क्षेत्र में किए गए असाधारण कार्यों, निस्वार्थ सेवा और समाज को नई दिशा प्रदान करने वाली उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान पत्र में (कमलेश कुमार) उपलब्धियों और उनकी विशिष्ट कार्यशैली की सराहना करते हुए संस्थान ने उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि संगम अकादमी निरंतर शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर प्रोत्साहित कर रही है। यह सम्मान समारोह ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से साहित्यकारों और प्रबुद्धजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# सुमेरपुर में कचरा संग्रहण को मिलेगी गति: दो नए इलेक्ट्रिक वाहन शुरू

## कैबिनेट मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शनिवार को नगरपालिका को दो नए इलेक्ट्रिक कचरा संग्रहण वाहन मिले। कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने नगरपालिका परिसर में हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को रवाना किया। उन्होंने बताया कि इन वाहनों के माध्यम से शहर के सभी वार्डों में घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। छोटे आकार के ये वाहन संकरी गलियों में भी आसानी से पहुंच सकेंगे और कचरे को बड़े कैरियर तक पहुंचाएंगे, जिससे गंदगी और दुर्गंध की समस्या में कमी आएगी। नए वाहनों में जीपीएस व आरएफआईडी तकनीक भी लगाई गई है, जिससे कचरा उठान की निगरानी संभव होगी। मंत्री ने अधिकारियों को सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में टेंडर निरस्त होने से कचरा संग्रहण व्यवस्था प्रभावित हुई थी। ऐसे में इन वाहनों से अस्थायी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कि मौके पर उपखंड अधिकारी अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित के साथ अन्य आधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत खीवणसर पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक :- 09 दिनांक :- 11.04.2026

## निविदा सूचना

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN- PDN2627WSOB00008

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत खीवणसर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत खीवणसर**



# कार्यालय नगर पालिका मण्डल छापर, (चूरू) राजस्थान

कमांक: न.पा. छा/ 2026-27/01 दिनांक 06-04-2026

## लोक सूचना

श्री कुंदन मल मेघवाल पुत्र श्री हरदेवाराम मेघवाल निवासी ग्राम दुजार तहसील लाडनूं जिला डिडवाना कुचामन द्वारा ग्राम देवाणी तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू के खसरा नंबर 856 / 854 क्षेत्रफल 2179 वर्गमीटर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का अधीन गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए कृषि आधारित उद्योग उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अनिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल वर्गमीटर |
|---|---|---|---|
| देवाणी, सुजानगढ़, चूरू | देवाणी | 856/854 | 2179 वर्ग मीटर |

इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु इस अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारी के निर्वापन पर कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 06-04-2026 जारी की जाती हैं।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका मण्डल, छापर (चूरू) राज.**

# सामाजिक न्याय के अग्रदूत ज्योतिबा फुले को किया नमन, विभिन्न स्थानों पर आयोजन, प्रतिभाओं का सम्मान


सिंघाना।


सुजानगढ़।


जालोर।


सरदारशहर।


चूरू।


धौलपुर।


मण्डावा।


फुलेरा।


चौमूं।

**सिंघाना।** क्रांतिसूर्य महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर माली सैनी समाज ब्लॉक सिंघाना की ओर से फुले सर्किल ढाणा में श्रद्धा व उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष डी.पी. सैनी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं, जिन्हें अपनाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुल्डाराम पंच ने की। समारोह में सरपंच विकास सैनी मुख्य अतिथि व समाजसेवी प्रभु हलवाई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने समाज में शिक्षा, जागरूकता और एकता को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए युवाओं से महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रामवतार हलवाई, लक्ष्मण सिंह सैनी (शिक्षाविद), विजेंद्र सैनी (अध्यापक), धूड़ाराम, कैलाश मास्टर, सुनील (ई-मित्र), राजू, अशोक (पार्षद), आकाश कुमार, अभिषेक सैनी, नोरंग, फूलचंद, बाबुलाल, बजरंग सैनी टेलर, दीपक, सुरेंद्र सैनी, मुकेश, विक्रम सिंह, राकेश कुमार, सुनील, नरेश कुमार, महावीर सैनी, रणजीत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सिंघाना से बड़ी संख्या में समाज के लोग फुले-अंबेडकर वाहन रैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने एकता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

**सुजानगढ़।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर शहर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। परमानंद तिलोकचंद महाविद्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 जन्म जयंती पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य लक्ष्मणराम चौधरी, डायरेक्टर बाबूलाल करोड़िया, व्याख्याता सुनील व छात्र छात्राओं ने महात्मा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य लक्ष्मणराम चौधरी, बाबूलाल करोड़िया ने विस्तार से बताया कि उन्होंने कैसे संघर्ष करते हुए दलितों पिछड़ों व महिला शिक्षा के बारे में कितना काम किया। उन्होंने महिलाओं के लिए पहला स्कूल खोला और उसकी प्रथम अध्यापिका माता सावित्रीबाई फुले को नियुक्त किया। महात्मा ज्योतिबा ने दलितों पिछड़ों आदिवासियों के लिए अपने घर का कुआं पानी के लिए खोल दिया। आज की नारी शिक्षा का श्रेय महात्मा ज्योतिबा फुले को ही जाता है। इस अवसर पर अनेक छात्र छात्राओं ने भी विचार प्रकट किए। इसी प्रकार शेखावाटी सैनी समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में गणपति प्लाजा परिसर में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विक्रम सिंह चोबदार, सोहनलाल टाक, एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत, सूरजमल पंवार, नोरतन बागड़ी, रामचन्द्र टाक सहित अनेक लोगों ने विचार प्रकट किए और शिक्षा के क्षेत्र में फुले के संघर्ष को याद किया। कार्यक्रम में नोरतनमल बागड़ा, पवन बागड़ा, बबलू जोशी, दीपक बागड़ा, सुशील शर्मा, गोपाल, रंजीत कुमार सैन सहित कई लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार निकटवर्ती कस्बे छापर के वार्ड न. 2 में स्थित स्वामी गीगदास स्मृति भवन में हम कामगार समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई गई। दीप प्रज्जवन कर शुरू हुए कार्यक्रम में मुख्य अथिति सेवानिवृत तहसीलदार आदूराम मेघवाल रहे। जबकि विशिष्ट अथिति सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी धन्नाराम मेघवाल, अध्यक्षता नि. नगर पालिका अध्यक्ष श्रवण कुमार माली ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता वरिष्ठ एडवोकेट सूर्यप्रकाश स्वामी के कहा की सामाजिक न्याय की अवधारणा बिना शिक्षा व संगठन के अधूरी है। सामाजिक समानता का रास्ता महात्मा ज्योतिबा फुले ने दिखाया वो दिन प्रतिदिन प्रासंगिक होता जा रहा है। कार्यक्रम को समाजसेवी पुटिया राजा, राकेश ढेनवाल, प्रिंसिपल रामगोपाल शैनी, रमेश सुथार, हीरालाल गौस्वामी, विकास चारण, नानूराम काँटीवाल,वरिष्ठ पशु चिकित्सक प्रदीप कुमार सोनी ने सम्बोधित किया। इसी प्रकार बागड़ा बास स्थित द वी एस कॉन्सेप्ट कोचिंग में भी फुले जयंती मनाई गई, जिसकी अध्यक्षता सरोज देवी ने की। निदेशक विकास सिंह चोबदार ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन प्रसंग का वर्णन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर संजय, आदित्य, पूजा, शुभम नवीन, आरती आदि मौजूद रहे।

**जालोर।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर शनिवार को भाजपा नगर मंडल जालोर की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले उद्यान, वीरम नगर जालोर में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नगर महामंत्री सुरेश सुन्देशा ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने ज्योतिबा फुले की मूर्ति पर फूल बरसाए व उन्हें माला पहना कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में शिक्षा, समानता व सामाजिक सुधार के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया, भाजपा जिला प्रवक्ता दिनेश महावर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अम्बा लाल व्यास, मन की बात के जिला संयोजक सुरेश सोलंकी, भाजपा जालौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमा राम देवासी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर, राजकुमार चौहान, जिला मंत्री गीता बारोट, केशव व्यास, नगर मंत्री गीता मीणा, डिम्पल सिंह, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, रमेश मेघवाल , दिनेश बारोट, रमेश कुमार सोलंकी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सरदारशहर।** शहर में सैनी सेवा समाज व कामगार समाज की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष में शोभायात्रा व बाइक रैली निकाली गई। बाजार में जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जगह-जगह बाजार में व्यापारियों ने ठंडे पेयजल पदार्थ की शोभायात्रा के दौरान व्यवस्था की गई। शोभायात्रा कम्मा गेस्ट हाउस से शुरू होकर ज्योतिबा फुले भवन ताल मैदान तक निकाली गई। शोभायात्रा के बाद ज्योतिबा फूले भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा व सर्व कामगार समाज के अध्यक्ष ने मंच साझा किया। मुख्य वक्ता उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा की ओर से ज्योतिबा फुले की ओर से समाज में जागरूकता चलाई गई उसको अपनाने व संगठित रहने पर जोर दिया। इस अवसर पर शिव भगवान कम्मा, रामचंद्र मारोठिया, रतनलाल सोनी, गिरधारी लाल धनावंशी, सुमेरमल धानका, श्रवण कुमार चिरानिया, महावीर प्रसाद पापटान, ओमप्रकाश खेजड़ा, महावीर प्रसाद संडाला, मुरलीधर सैनी, राजू देवी सैनी, श्याम सुंदर आदि ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन व आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक बनवारी लाल जांगिड़, योगेश प्रजापत व सैनी माली सेवा समाज की कार्यकारिणी के महेश कुमार कम्मा, महावीर प्रसाद पापटान, जगदीश प्रसाद बागड़ी, एडवोकेट घनश्याम सैनी, मनोज तंवर, शंकरलाल बागड़ी, अर्जुन बागड़ी, गणेश पंवार, मानक चंद बालान, गोविंद पापटान, राजकुमार राकसिया, गिरधारीलाल कम्मा, राकेश टाक सहित तैयारीयों में लगे कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई है। मंच संचालन सम्पतराम जांगिड़ ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

**चूरू।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को सदर थाने के सामने स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने महात्मा फुले के सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के विचारों का स्मरण करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अधिकार के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हम उनके बताए मार्ग पर चलकर शिक्षा, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाएं। इस दौरान जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, बसंत शर्मा, एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह राठौड़, एसडीएम सुनील कुमार, सुरेश सारस्वत, डूंगरमल सैनी, दीनदयाल सैनी, सीपी शर्मा, धर्मेंद्र राकसिया, कमल सैनी, आकाश सैनी, ऋतिक सांखला, गोपाल बालाण, डॉ. विकास देवड़ा, विश्राम सैनी, प्रेम कुमार, रजत सहित प्रबुद्धजनों ने ज्योतिबा फुले प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

**धौलपुर।** महान समाज सुधारक और विचारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने महात्मा फुले की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस दौरान सभी अधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले के योगदान को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान सहायक निदेशक सामाजिक न्याय व अधिकारिता देवेंद्र सिंह जांगल ने महात्मा फुले के सत्यशोधक समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उनके क्रांतिकारी कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने महिलाओं और वंचितों की शिक्षा के लिए जो मार्ग प्रशस्त किया, वह आज भी प्रासंगिक है। महात्मा फुले जयंती समारोह के साथ-साथ आगामी दिनों में डॉ भीमराव अंबेडकर जयन्ती के अवसर पर 12 से 14 अप्रैल तक राजकीय विद्यालयों व महाविद्यालयों में सामाजिक न्याय और संविधान जागरूकता से जुड़े विभिन्न ऑनलाइन क्विज और कार्यक्रमों आयोजित होंगे। साथ ही 13 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर के जीवनवृत पर व्याख्यान का आयोजन भी किया जाएगा और 14 अप्रैल को जिला स्तरीय समापन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक भूपेश गर्ग, आर्थिक व सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक राजेश कुमार, सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**मण्डावा।** महात्मा ज्योतिबा फुले की 200 वें जन्म दिवस शनिवार को फतेहपुर मार्ग स्थित सैनी समाज संस्था के बालाजी मन्दिर प्रांगण में महात्मा फुले की प्रतिमा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर धूमधाम से जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष में कस्बा की करीब दो दर्जन प्रतिभावान छात्राओं जिन्होंने 10वीं व 12वीं में 75' से अधिक अंक प्राप्त किए हैं को नगद राशि, महात्मा ज्योतिबा फुले का प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सैनी समाज की करीब दो दर्जन छात्राओं को जिनमें राधिका पुत्री अमित कुमार सैनी जिन्होंने 12वीं में 98.67' अंक प्राप्त कर मंडावा को टॉप किया, आदि शामिल रही। कार्यक्रम संयोजक सैनी समाज मंडावा के सचिव महेंद्र कुमार बालन ने बताया कि सैनी समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में एडवोकेट राजकुमार सैनी, बनवारीलाल मारोठिया, वरिष्ठ शिक्षाविद, बच्छराज बालाण, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, शिवप्रसाद मारोठिया व बेगराज चौपदार आदि मंचासीन अतिथि रहे। इस अवसर पर सत्यनारायण तंवर, मुरारीलाल इंदौरिया, रिद्धिकरण मारोठिया, रतनलाल तोमर, शंकरलाल सैनी, राजकुमार पूर्व पार्षद, नागरमल चौपदार, पवन चूनवाल महावीर चूनवाल, श्याम लाल सैनी भारत सैनी कन्हैया लाल सैनी, जसवंत सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट विमल मिश्रा ने किया। अंत में सचिव सैनी समाज संस्था महेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया

**फुलेरा।** कस्बे के श्रीराम नगर स्थित माली सैनी समाज भवन में शनिवार को माली सैनी समाज संस्थान फुलेरा के अध्यक्ष तेजकरण सैनी की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती सादगीपूर्ण ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षाविद सत्यनारायण सैनी ने महात्मा फुले के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन रामकृष्ण माली, प्रदीप गहलोत, रामजीलाल पापटवान व शिक्षिका सुनीता सैनी ने महात्मा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। अंत में संस्थान अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने उपस्थित जनों को महात्मा फुले के आदर्शों को आत्मसात करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान महात्मा फुले अमर रहें, सावित्रीबाई फुले अमर रहें व माली समाज जिंदाबाद के गगनभेदी उद्घोष लगाए गए। कार्यक्रम में गणेश खड़ोलिया, शेषनारायण सैनी, लूणकरण जादम, सुरेश सैनी, पिंटू गढ़वाल, पूजा भाटी, सुमन सिंगोदिया, प्रेमचंद बड़ीवाल सहित सैकड़ों की संख्या में माली सैनी समाज के प्रबुद्धजन व मातृशक्ति उपस्थित रही। इसी कड़ी में ज्योतिबा फुले सर्किल पर महात्मा ज्योतिबा फूले संस्था के तत्वावधान में जयंती समारोह तहसील अध्यक्ष रामगोपाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सुभाषचंद सैनी, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, उपखंड अधिकारी सांभरलेक ऋषिराज कपिल, वेलफेयर सोसाइटी से शांतिलाल वर्मा, बीएल सांभरिया, शंकरलाल सैनी, भगवतीप्रसाद ढिक्या, अमरचंद सैनी रहे। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित अन्य प्रतिभाओ को मोमेंटो एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों महिला, पुरुष व विद्यार्थी मौजूद रहे।

**चौमूं।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान चौमूं के तत्वावधान में ज्योतिबा फुले जयंती की पूर्व संध्या पर सैनी समाज सभा भवन चौमूं में भव्य जयंती समारोह व सैनी मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष सैनी महासभा व पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने की। संस्थान अध्यक्ष सुरेश तंवर ने बताया कि सत्य शोधक समाज के संस्थापक, नारी शिक्षा के प्रणेता, महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले व प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर समाज के जनप्रतिनिधियों व समाज बंधुओ ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। संस्थान महामंत्री डॉ. मान प्रकाश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक उत्थान, समरसता, एकता, नारी शिक्षा, फुले के विचारों को जन-जन तक पहुंचानें, विभिन्न कुरुतियों को दूर करने आदि विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान कोषाध्यक्ष औमप्रकाश सिंगोदिया ने बताया कि समारोह में राजस्थानी लोक गीत, संगीत, लोक नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। खेलकूद कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट कुमार गौरव सैनी ने बताया कि आपसी सहयोग, टीम वर्क व एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। संस्थान अध्यक्ष सुरेश तंवर ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों, कार्यकर्त्ताओं सहित सभी आगंतुक समाज बंधुओं का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। समारोह में विष्णु कुमार सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, माली समाज अध्यक्ष हीरालाल पांच्या, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जयनारायण चंदेल, महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्था अध्यक्ष अनिल सैनी, राधेश्याम माली, घीसालाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश तिगरिया, एम.जे.एफ. चैयरपर्सन कैलाश राज सैनी, रामचंद्र फड्या आर चंद्रा रिसोर्ट, रामचंद्र तुंदवाल, डॉ. सुमित्रा सैनी, डॉ. बी एस सैनी, नगर अध्यक्ष कांग्रेस सायरमल सैनी, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार ईटावा, पार्षद प्रतिनिधि श्रवण राई, दीपक सैनी, संयुक्त सचिव जयकिशन फड्या, सहमंत्री विनोद सिंगोदिया, कैलाश चांदोलिया, एड. प्रवीण सैनी, कमलेश सैनी जि.शि.अ., गिरधर सैनी सचिवालय, हरिनारायण सैनी हाउसिंग बोर्ड, डॉ. चंद्रमोहन राजोरिया एसो प्रोफेसर, डॉ.बीएल सैनी, मदन लाल सैनी सेवानिवृत्त बीएसएनल अधिकारी, किशोर जमालपुरिया जनकल्याण सेवा संस्थान चौमूं, समाजसेवी कैलाशचंद सैनी सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, अनेक जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, नारी शक्ति, कर्मचारी, अधिकारी, किसान, व्यापारी, युवाशक्ति सहित अनेक समाज बंधु सम्मिलित हुए।

**झुंझुनूं(निस)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर अंबेडकर पार्क में शनिवार को पुष्पांजलि अर्पित की गई। नॉडल अधिकारी नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचल्या ने बताया कि इस दौरान जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील, विधायक राजेंद्र भांबू , समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, पूर्व उप जिला प्रमुख बनवारी लाल सैनी, विशंभर पूनिया अरुणा सियाग, शिक्षाविद् महेंद्र शास्त्री, मुरारी सैनी, सप्रअ राजेश बजाड़ समेत अनेक लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थित श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था के फुले छात्रावास में शनिवार को महात्मा ज्योतिराव फूले जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा हनुमान बगीची संस्था से रवाना होकर गायत्री नगर स्थित फुले भवन पहुंची। इस दौरान एक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एडवोकेट आसाराम सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को साथ लेकर फुले के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में नेशनल ओबीसी वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरधारी लाल तंवर ने कहा कि सावित्री बाई फुले के संघर्षों से प्रेरणा लेकर महिला शिक्षा को बढ़ावा दें। ओबीसी वेलफेयर सोसायटी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना करियर बनाने के लिए संस्कारित शिक्षा ग्रहण करने व मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। डॉ. निरंजन चिराणिया ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अंकुरित अनाज को भोजन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर प्रसाद पंवार ने की। जिलाध्यक्ष विनोद पापटान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भगवानाराम सैनी, कन्हैयालाल सैनी, गुलजारी लाल सैनी, चन्द्र प्रकाश सैनी, सुरेश पंवार, ओमप्रकाश सैनी, शिक्षाविद डी.के. सैनी, चानण मल सैनी, रिछपाल सिंह चारण, राधेश्याम स्वामी, भंवर सिंह परिहार, डुंगर सिंह सोनगरा, हरीकिशन जांगिड़, स्वामी समाज के जिलाध्यक्ष घड़सीराम स्वामी, जयंत परिहार, एडवोकेट धन्नाराम सैनी, सत्यनारायण सैनी, मोहनलाल आर्य, मनीराम शीला, हंसराज सावा, एडवोकेट आंनद सैनी, मदनलाल, जैसाराम मेघवाल, ओंकारमल बालाण, सांवरमल, ओमप्रकाश सैनी, भंवर लाल सैनी, बजरंग सैनी, मोहनलाल अर्जुन आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मंजू देवी, गीता देवी, शारदा देवी, अनुराधा, वंदना, सुभाष सैनी, मैना देवी, गुमानी राम प्रजापत, मास्टर श्रीचंद प्रजापत, अनिल बालान, राधेश्याम सैनी, गिरधारी लाल सैनी, सरला देवी, सत्यनारायण सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आवश्यकता के अनुरूप व सही माध्यम से किया गया दान ही सार्थकः खंडेलवाल



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** नगर पालिका क्षेत्र में विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल की ओर से मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र को विधिवत रूप से आमजन को समर्पित किया गया। अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र की संकल्पना समाज में दान व सहायता को एक व्यवस्थित, उद्देश्यपूर्ण व प्रभावी स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आरआरआर घटक के अनुरूप भी कार्य करेगा। इसके अंतर्गत आमजन से उपयोग योग्य वस्तुएँ संग्रहित कर उनका पुनः उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के अंतर्गत बर्तन बैंक की स्थापना भी की गई है। सामाजिक, धार्मिक व पारिवारिक आयोजनों के लिए निःशुल्क अथवा न्यूनतम शुल्क पर बर्तन उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने कहा कि दान एक पवित्र सामाजिक कर्तव्य है, परंतु उसका प्रभाव तभी सार्थक होता है जब वह आवश्यकता के अनुरूप एवं सही माध्यम से किया जाए।

## भारतीय मजदूर संघ की संभाग स्तरीय कार्यशाला शुरू



जयपुर टाइम्स

**जोधपुर/सुमेरपुर(निस)।** भारतीय मजदूर संघ, राजस्थान प्रदेश के तत्वावधान में जोधपुर के बासनी स्थित सुदर्शन सेवा संस्थान में तीन दिवसीय संभाग स्तरीय नेतृत्व विकास कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। 'राष्ट्र हित-उद्योग हित-श्रमिक हित' के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस कार्यशाला में जोधपुर, बीकानेर और पाली संभाग से सैकड़ों कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह डाबी एवं प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान वक्ताओं ने संगठन विस्तार, श्रमिक हितों की रक्षा, नए श्रम कानूनों की जानकारी तथा नेतृत्व क्षमता विकास पर विशेष जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष डाबी ने कहा कि असंगठित क्षेत्र तक संगठन की पहुंच बढ़ाना और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना समय की आवश्यकता है, जबकि महामंत्री शर्मा ने प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए उन्हें राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यशाला में सुमेरपुर, तखतगढ़, चाणोद व पाली क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## तहसीलदार ने नंगे पैर किए दर्शन, गौशाला में किया चारा समर्पण

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती श्रीराम गौशाला, कोलीवाड़ा में शनिवार को आस्था और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। तहसीलदार हिमांशु कच्छवाह ने गौशाला पहुंचकर मंशापूर्ण महादेव, राम दरबार व श्रीकृष्ण भगवान के समक्ष नंगे पैर दर्शन किए और गौ सेवा का संदेश दिया। दर्शन के बाद तहसीलदार ने गौवंश को हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर भामाशाह भगाराम गहलोत ने लगातार चौथे दिन भी गौमाता के लिए हरा चारा समर्पित कर सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। उनकी धर्मपत्नी ने भी श्रद्धापूर्वक सेवा में सहभागिता निभाई। तहसीलदार कच्छवाह ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति का मूल है, जिससे समाज में करुणा और सेवा भाव बढ़ता है। उन्होंने गौशाला व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में डॉ. ललित कुमार, प्रकाश कुमार, पुखराज कुमावत, मोहन दास वैष्णव सहित अन्य उपस्थित रहे। आयोजन ने समाज और प्रशासन की साझेदारी का सकारात्मक संदेश दिया।



## एफआईआर से नाम हटाने की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** नगर पालिका के संविदा कार्मिकों की ओर से विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल को ज्ञापन सौंप कर कथित झूठी एवं कूटरचित एफआईआर से संविदा कर्मी का नाम हटाने की मांग की गई।ज्ञापन में एक पत्रकार की ओर से कार्मिक योगेश अहीर के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करवाने का आरोप लगाया गया।कार्मिकों का कहना हैं कि इस प्रकार के झूठे आरोपों के आधार पर कर्मचारियों पर कार्रवाई होती हैं तो इससे भय एवं असुरक्षा का वातावरण बनेगा जिससे जनसेवा कार्य प्रभावित होंगे और आमजन को भी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। कार्मिकों ने विधायक से निष्पक्ष व पारदर्शी जांच की मांग करते हुए न्यायोचित कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

# मनियां में हाईवे किनारे गंदगी का अंबार : खुले चैम्बरों व जाम नालों से सड़क पर बह रहा कीचड़, हादसों का खतरा बढ़ा

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर/मनियां।** नगर पालिका क्षेत्र मनियां में नाला सफाई व्यवस्था की बदहाली अब आमजन के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। हाईवे किनारे स्थित जिले के प्रमुख मांगरोल चौराहे पर गड्ढों, कीचड़ और ओवरफ्लो नालों के कारण हालात बदतर हो चुके हैं। लंबे समय से चैम्बरों की सफाई नहीं होने के चलते गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब एक साल से नाले के चैम्बरों से कीचड़ युक्त पानी फव्वारे की तरह बाहर निकल रहा है। दुकानदारों ने निजी स्तर पर कई बार सफाई करवाई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं कई चैम्बर खुले पड़े हैं, जो हादसों को न्योता दे रहे हैं। मांगरोल रोड स्थित मिष्ठान भंडार के पास दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे बने खरंजे को उखाड़कर मिट्टी डालकर ऊंचा कर दिया गया है, जिससे नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सीधे सड़क पर बह रहा है। इस कारण आए दिन बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। शनिवार सुबह मांगरोल चौराहे पर एक वृद्ध महिला और एक युवक खुले चैम्बर में गिरकर घायल हो गए। दुकानदार सत्यवीर सिंह और कृष्णा कुमार ने बताया कि नाले पूरी तरह अवरुद्ध हो चुके हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों और कॉलोनियों में फैल रहा है। सुबह से शाम तक चैम्बरों से गंदा पानी बाहर निकलता रहता है, जिससे क्षेत्र में दुर्गंध और गंदगी का माहौल बना हुआ है। राहगीर शिवराज सिंह, मलखान सिंह और राजवीर ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि संबंधित विभाग पूरी तरह अनदेखी कर रहा है। जबकि इसी मार्ग से तहसीलदार, उपखंड अधिकारी सहित कई अधिकारी रोजाना गुजरते हैं, लेकिन समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। मनियां थाना से लेकर 13 पुलिया तक करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में नालों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार आने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मांगरोल चौराहे पर नाले का पाइप टूटने से अक्सर जाम की स्थिति भी बन जाती है।

## मंत्री के शहर में गंदगी का साम्राज्यः सुमेरपुर के मुख्य बाजार में सीवर ओवरफ्लो


जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** कैबिनेट मंत्री के गृह क्षेत्र सुमेरपुर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। शहर का प्रमुख बाजार भैरू चौक से हनुमान मंदिर तक इन दिनों गंदगी, कीचड़ और बदबू से त्रस्त है। महीनों से नालियां चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जो दुकानों के बाहर जमा होकर अंदर तक पहुंच रहा है। शनिवार सुबह भी बाजार में यही हालात देखने को मिले। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। उनका आरोप है कि 'जनता टैक्स और वोट देती है, लेकिन बदले में गंदगी और लापरवाही मिल रही है।' लगातार गंदगी के कारण ग्राहकों ने बाजार से दूरी बनानी शुरू कर दी है, जिससे व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। व्यापारियों के अनुसार यह समस्या एक-दो दिन की नहीं, बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से स्थिति बदतर होती जा रही है। दूसरी ओर, स्वच्छता के सरकारी दावों के विपरीत शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर और बहती नालियां व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि वीआईपी दौरों के समय ही अस्थायी सफाई की जाती है, जबकि आम दिनों में हालात जस के तस रहते हैं। नगर पालिका की ओर से सफाई के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। इससे जवाबदेही पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। गंदगी और जलभराव के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। बदबू के कारण लोगों का खड़ा रहना मुश्किल हो रहा है। व्यापारियों और नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नालियों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## मंत्री के शहर में 'गड्ढों की सरकार': सुमेरपुर की सड़कें बनी मौत का जाल, सिस्टम खामोश

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** कैबिनेट मंत्री के गृह क्षेत्र सुमेरपुर में विकास के दावों की हकीकत सड़कों पर बिखरे गड्ढों में साफ नजर आ रही है। शहर की प्रमुख सड़कें इतनी जर्जर हो चुकी हैं कि आमजन का सफर अब जोखिम भरा बन गया है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की उदासीनता हालात को और बिगाड़ रही है। शुक्रवार रात की यह तस्वीर बोल रही है। गांधी मूर्ति से जालौर चौराहा तक का मुख्य मार्ग इन दिनों 'गड्ढों का जाल' बन चुका है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग किसी खतरे से कम नहीं है। दिन हो या रात, हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है।

### विकास के दावे बनाम जमीनी हकीकतः

एक ओर क्षेत्र में विकास कार्यों के शिलान्यास और उद्घाटन के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मुख्य सड़क की यह हालत इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। शुक्रवार रात इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को बड़े-बड़े गड्ढों से जूझना पड़ा। यह तस्वीर खुद बयां कर रही है कि विकास कागजों और मंचों तक सीमित रह गया है, जबकि जमीन पर हालात पूरी तरह बदहाल हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इसी मार्ग से रोजाना प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि गुजरते हैं। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या जिम्मेदारों को ये गड्ढे नजर नहीं आते या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा आम है कि यह सड़क नगर पालिका के अधीन आती है या सार्वजनिक निर्माण विभाग के। लेकिन जिम्मेदारी तय करने के बजाय दोनों विभाग एक-दूसरे पर आरोप डालकर पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। इस 'पासिंग गेम' में आमजन पिस रहा है और समस्या जस की तस बनी हुई है।

### हादसों का खतरा बढ़ा, प्रशासन मौनः

गड्ढों के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। विशेषकर रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जब गड्ढे दिखाई नहीं देते और वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मरम्मत नहीं की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

## जूनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए जालोर जिले की टीम रवाना

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** 76वीं जूनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए जालोर जिले की जूनियर बास्केटबॉल टीम शनिवार को रवाना हुई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 12 से 14 अप्रैल तक दुजोद, सीकर में आयोजित की जाएगी। जालोर जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष मुकेश राजपुरोहित ने बताया कि इस चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर जूनियर नेशनल के लिए राजस्थान की टीम का चयन किया जाएगा। जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 22 से 29 मई 2026 तक पुडुचेरी में आयोजित होगी। जालोर जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव मूनसिंह राठौड़ ने बताया कि टीम को रवाना करने के अवसर पर कई खेल पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनोहर राणा, जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव लालसिंह सांखला, जूडो संघ के सचिव ओमप्रकाश आर्य, बास्केटबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व एनआईएस कोच नरेश मालवीय, बैडमिंटन संघ के जीतेन्द्र सिंह सांखला, कुश्ती संघ के हरिराम सारण तथा मुनिराज सिंह ने खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं देकर रवाना किया। जालोर जिला जूनियर बास्केटबॉल टीम कप्तान हरिकृष्ण खिलाड़ी हर्षवर्धन सिंह राठौड़, युवराज सिंघल, सुमित, वैभव भट्ट, नैतिक चौधरी, युवराज सिंह, मयंक परमार, विराट सोगरवाल, नितंजय सोलंकी, कल्पेश, नितिन चौधरी, परीक्षित जाखड़, विराज त्रिवेदी को टीम में शामिल किया गया है। कोच इमरान खान टीम मैनेजर दिग्विजय सिंह को नियुक्त किया गया है। जालोर जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में टीम दुजोद के लिए रवाना हुई। संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि टीम राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करेगी और जूनियर नेशनल के लिए चयनित होगी।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ 14 को जालोर में लेंगे जिला स्तरीय बैठक

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी जालौर के जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित व जिला संगठन प्रभारी महेंद्र मेघवाल के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के आगामी 14 अप्रैल को प्रस्तावित दौरे की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को जिला उपाध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल व जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया ने संबोधित किया। जिला प्रवक्ता दिनेश महावर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 14 अप्रैल को अपने एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के निमित्त जालौर आएंगे, जहां जालौर के विजय पैराडाइज में होने वाली जिला स्तरीय कार्यकारिणी बैठक को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के प्रवास कार्यक्रम को लेकर विभिन्न जिला व मंडल पदाधिकारी को एवं मोर्चों के पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष उदय सिंह दादाल, मुकेश राजपुरोहित, एस टी मोर्चा प्रदेश मंत्री रमेश राणा, पूर्व जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, हरीश राणावत, जालौर नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमाराम देवासी, जिला मंत्री गीता बारोट, जिला प्रवक्ता उर्मिला दर्जी, जिला कोषाध्यक्ष महेन्द्र मुनोत, जिला मीडिया प्रभारी अंबालाल व्यास, जिला कार्यालय मंत्री डिंपल सिंह, प्रकोष्ठ संयोजक भूर सिंह देवकी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष ओबाराम देवासी, विधानसभा सहसंयोजक गणपत सिंह बगेड़िया, सोशल मीडिया संयोजक जोगेश सेन, अशोक गुर्जर, दिलीप सोलंकी, केवदा राम चौधरी, रमेश मेघवाल, संजय बोराणा, जयंतीलाल माली, छगन रामावत, परमवीर सिंह भाटी, रतन सुथार, बलवंत सिंह तुरा, अजय जाटव, केशव व्यास, ओम प्रकाश चौधरी, जबराराम माली, भवानी सिंह देता, हेमेंद्र सिंह बगेड़िया सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरीः बद्रीदान



जयपुर टाइम्स

जालोर(निस)। सायला के श्रीकात्यायनी माता गोशाला में शनिवार को गौ सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गौ सम्मान आह्वान अभियान पर चर्चा की गई। बैठक में गौ सेवा समिति के जिलाध्यक्ष बद्रीदान चारण ने कहा कि गाय को हिंदू परंपरा में मां का दर्जा प्राप्त है। गाय समझदार प्राणी है। वो बोल नहीं सकती है। अभियान में आजमन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पीले चावल देकर जोड़ने पर चर्चा हुई। इसलिए उसके सम्मान के लिए 27अप्रैल को सभी सामूहिक रूप से जिम्मेदारी निभाते हुए तहसील व उपखंड मुख्यालय पर प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देना है। ज्ञापन भजन कीर्तन करते हुए झांकी के साथ ज्ञापन देने की बात कही। अभियान के बारे जानकारी देते हुए बताया कि वेद पुराणों में गौ सेवा को सर्वोत्तम बताया है। वर्तमान में गोचर भूमि पर कब्जा हो रहा है। उसको विचरण करने के लिए स्थान नहीं मिल रहा है। निराश्रित होने से सड़कों पर घूम कर पॉलीथिन आदि खाने को मजबूर है।

गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने लिए सभी हिन्दू समाज को संगठित होकर प्रयास करने से संरक्षण मिल सकेगा। इस दौरान उदयसिंह चौहान, बलवंतसिंह दहिया, डायालाल सुथार, सोनाराम चौधरी, मुल्तानमल आचार्य, अशोक अग्रवाल, ताराराम चौधरी, लीलाराम प्रजापत, जगाराम माली, मीठालाल माली, रमेश आचार्य, हीरसिंह दहिया, पारस चौधरी, हबताराम पुरोहित, देवाराम माली,रमेश कुमार सोनी, जतिन राजपुरोहित सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## धौलपुर जिले के मंडल प्रभारी व साह प्रभारियों की नियूक्ति



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल व जिला संगठन प्रभारी रवि नय्यर की अनुशंसा पर संगठन को मंडल स्तर पर अधिक सक्रिय बनाने व मंडल स्तर तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए धौलपुर जिले के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने धौलपुर जिले के सभी 19 मंडलों पर प्रभारियों एवं सह प्रभारियो की नियुक्ति की है। बसेड़ी शहर प्रभारी लक्ष्मण तोमर व सह प्रभारी दीपचंद कुशवाहा, जाएगा। मंडल जितेंद्र तिवारी व रामप्रसाद गोस्वामी, आगई मंडल संतोष गुर्जर व विवेक रावत, सरमथुरा अनिल गोयल व रामवीर गुर्जर, बाड़ी शहर मंडल बृजराज सिंह परमार व रामू शर्मा, कंचनपुर मंडल ओमकार कटरा व लोकेंद्र सिंह परमार, सैंपऊ मंडल दिलीप पाराशर व गुड्डी मौर्य, वसई नवाब मंडल दुष्यंत बघेल व रामू सिकरवार, बिजौली जयवीर पोसवाल व सतवीर खिरोड़ा, कोठी मंडल मुकेश शर्मा, शिव शंकर परिहार, पुराना शहर मंडल बाचाराम बघेल, अशोक सिकरवार, जाटोली मंडल कमल पहाड़िया व हाकिम लोधा, टहरी मंडल धीर सिंह जादौन एवं रामविलास बघेला, सारानीखेड़ा मंडल नंद किशोर शुक्ला व दिनेश कुशवाह, राजाखेड़ा शहर मंडल प्रदीप सिसोदिया व शशिकांत शर्मा, नायला मंडल विजय त्यागी व मुकेश सक्सेना, मरैना मंडल हेम सिंह लोधा व राम प्रसाद बघेल, मांगरोल मंडल विनय परमार व हरेंद्र राव, मनियां मंडल डा मनोज शर्मा व लोकेंद्र सिंह चौहान मंडल के प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

सभी नवनियुक्त प्रभारी व सह प्रभारीयो ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद दिया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
12 अप्रैल, 2026

## प्रशासन की कार्रवाई पर पानी, बंद कराई गई सड़क फिर चालू, मिलीभगत के आरोप

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी का मामला एक बार फिर सामने आया है। ग्राम मीणा की नांगल क्षेत्र में चारागाह भूमि से गुजर रहे अवैध रास्ते को बंद करने के लिए हाल ही में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए खुदाई कर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई थी। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ ही दिनों में उक्त खाई को फिर से भरकर रास्ता चालू कर दिया गया। प्रशासन की ओर से 6 अप्रैल को पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में तहसीलदार, पटवारी व अन्य अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर चारागाह भूमि पर बने रास्ते को तीन स्थानों पर गहरा खोदकर बंद किया था, ताकि भारी वाहनों का आवागमन रोका जा सके। साथ ही संबंधित लोगों को अवैध रास्ता नहीं बनाने के निर्देश भी दिए गए थे। इसके बावजूद, अब उसी स्थान पर फिर से रास्ता सुचारू रूप से चालू होने से ग्रामीणों में रोष है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना प्रशासनिक मिलीभगत के इतनी जल्दी रास्ता दोबारा चालू होना संभव नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि चारागाह भूमि का लगातार अतिक्रमण हो रहा है और भारी वाहनों की आवाजाही से भूमि को नुकसान पहुंच रहा है, जिससे पशुओं के लिए संकट खड़ा हो सकता है। वहीं, प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो अतिक्रमण और बढ़ेगा। इस मामले में संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाया।

## महात्मा ज्योतिबा फुले का संपूर्ण जीवन प्रेरणादायक-राज्यपाल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर उनकी प्रतिमा को नमन करते उन्होंने कहा कि वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणा देने वाला है। बागडे ने कहा कि महान समाज सुधारक, महिला शिक्षा के अग्रदूत और 'सत्यशोधक समाज' के संस्थापक ज्योतिबा फुले व्यक्ति नहीं महामानव थे। उनका जीवन हमें सामाजिक समरसता और ज्ञान के लिए समर्पित रहकर दूसरों के कल्याण के लिए कार्य करने के आदर्श से जोड़ने वाला है। राज्यपाल ने ज्योतिबा फुले के जीवन प्रसंगों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने रूढ़िवादी परंपराओं का विरोध किया और शिक्षा के माध्यम से समाज में जागृति लाने का कार्य किया। ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन वंचित, शोषित,पीड़ित पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने महाराष्ट्र में महात्मा ज्योतिबा फुले स्मारक की चर्चा करते हुए कहा कि वह युग प्रवर्तक थे। उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलते हुए हम जीवन की उज्ज्वल राहों की ओर अग्रसर हों।

## भजनलाल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कास.)**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने बाईस गोदाम स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर शर्मा ने प्रदेशवासियों से महात्मा ज्योतिबा फूले के समाज सुधारक कार्यों एवं उनके आदर्शों को अपनाकर शिक्षा और समानता के क्षेत्र में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इस दौरान विधायक जसवंत यादव, गोपाल शर्मा, देवेन्द्र जोशी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## जवाहर कला केन्द्र में 17 से 26 अप्रेल तक आयोजित होगा 'राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2026'

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि सहकारिता विभाग एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) द्वारा जयपुर में 17 से 26 अप्रेल तक 'राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2026' का आयोजन किया जाएगा। जवाहर कला केन्द्र में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों की सहकारी संस्थाओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण मसालों एवं अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। दक ने बताया कि सहकारिता विभाग एवं कॉनफेड द्वारा वर्ष 2003 से निरन्तर प्रतिवर्ष मसाला मेले का आयोजन किया जाता है, जो अब जयपुर की विशिष्ट पहचान बन चुका है। राष्ट्रीय स्तर के इस मेले का जयपुरवासियों को खास इंतजार रहता है और बड़ी तादाद में लोग इसमें खरीददारी के लिए पहुंचते हैं। मेले में आमजन को शुद्ध मसालों सहित अन्य गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि मसाला मेला सहकारी संस्थाओं, महिला समूहों एवं स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के व्यवसाय, बिक्री एवं प्रचार के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। राज्य की प्रमुख सहकारी संस्थाएं, जिला उपभोक्ता भण्डार, क्रय-विक्रय सहकारी समितियां, महिला सहकारी समितियां एवं स्वयं सहायता समूह मेले में स्टॉल्स पर अपने उत्पाद प्रदर्शित करते हैं। सहकारिता मंत्री ने बताया कि इस बार मेले में 150 स्टॉल्स लगाई जाएगी, जिन पर उच्च गुणवत्ता के मसाले, अन्न उत्पाद, ऑर्गेनिक उत्पाद, जीआई टैग उत्पाद, तेल, अनाज, हस्तनिर्मित एवं घरेलू उत्पाद आदि आमजन को उपलब्ध करवाये जाएंगे।

# अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नियमित किताबें और अखबार पढ़ें : सुराणा

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर कलक्टर आवास पर पुस्तक संवाद कार्यक्रम

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर जिले में चल रहे पुस्तक संवाद नवाचार के तहत जिला कलक्टर आवास पर बोर्ड परीक्षाओं में जिला व ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनसे संवाद किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम, सीडीईओ संतोष महर्षि, एडीपीसी सरिता आत्रेय, डीईओ माध्यमिक किशनलाल गहनोलिया सहित अधिकारियों ने कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि कैरियर आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नियमित रूप से किताबें और अखबार पढ़ें। इसी के साथ लक्ष्य के अनुकूल तैयारी हो सकेगी। अपनी योग्यता और जुनून से भविष्य की रूपरेखा तैयार करें और नियमित रूप से लक्ष्य पथ पर आगे बढ़ें। इसी के साथ सोशल मीडिया और मोबाइल से दूर रहें। इस दौरान एसपी निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि सही रास्ता चुनकर शुरुआत से ही अपने लक्ष्य के लिए गंभीरता और लगन से प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बड़ा सोचें और अपने सपने को साकार करने के लिए नियमित अध्ययन करें। जिला कलक्टर सुराणा और एसपी निश्चय प्रसाद ने विद्यार्थियों से कैरियर आकांक्षाओं से जुड़े सवाल किए और मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों ने अतिथियों से विभिन्न राजकीय सेवाओं, व्यापार और स्वरोजगार से जुड़े सवाल किए और अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। उपस्थित अधिकारियों ने करियर संभावनाओं और विकल्पों की जानकारी दी। इस दौरान कमल शर्मा, जनार्दन, भवानी, दीपक शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया।



## भोपालगढ़ में प्रतिभाओं का सम्मानः आईएएस, एनडीए व लेफ्टिनेंट चयनित युवाओं को किया गौरवान्वित

जयपुर टाइम्स



**भोपालगढ़(निस)।** आशा सहयोगिनी संगठन भोपालगढ़ की ओर से शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। चिकित्सा विभाग में कार्यरत आशा धनु देवी की पुत्री के आईएएस में चयन, सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर रामपाल पचार के भतीजे जयदीप पचार के ऑल इंडिया 52वीं रैंक के साथ लेफ्टिनेंट पद पर चयन तथा आशा सेठू गोदारा के भतीजे कुलदीप पारसरिया के एनडीए (वायुसेना) में चयन पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष धापू विश्नोई एवं चिकित्सा विभाग की ओर से सभी चयनित प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीकृष्ण चौधरी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतिभाओं का सम्मान समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और युवाओं को कड़ी मेहनत व संघर्ष के लिए प्रेरित करता है। संगठन के संरक्षक रामपाल पचार ने बताया कि चिकित्सा विभाग से जुड़ी आशा सहयोगिनी ने अपनी पुत्री को प्रोत्साहित कर आईएएस जैसे उच्च पद तक पहुंचाया, जो बालिका शिक्षा के महत्व का सशक्त उदाहरण है। कार्यक्रम में हेमसिंह सोलंकी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि लगन और मेहनत हो तो ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकती हैं।

### इनकी रही उपस्थितिः

कार्यक्रम में नारायण (डीईओ), दिनेश सैनी, श्यामलाल देवड़ा, आशा सुआ, प्रेम, बेबी, कोचरी, ललिता, भगवती, मैना, गुड़िया, कुसुमकांता, सोनू, बाया, ममता, संतोष, रूपल, कमला, प्रकाश, मिथलेश पचार सहित भोपालगढ़ उप जिला अस्पताल की समस्त आशा सहयोगिनियां उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## सीआई ने टीचर बनकर साइबर सुरक्षा का पाठ पढ़ायाः बालिकाओं को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के पीछे गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मण्डावा थाना प्रभारी रामनारायण चोयल ने विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इंटरनेट जहां जीवन का अभिन्न अंग बन गया है, वहीं ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी और फेक न्यूज जैसे खतरे भी बढ़ गए हैं। विद्यार्थियों को ओटीपी, पासवर्ड और बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा न करने की सलाह दी गई। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को सुरक्षा, सम्मान और सुरक्षित बचपन के अधिकार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता ही एक सुरक्षित और जिम्मेदार समाज की नींव रखती है। चोयल ने बताया कि वर्तमान में व्हाट्सएप पर दूसरों की फोटो लगाकर पैसे मांगना और सोशल मीडिया के जरिए बच्चों को निशाना बनाना गंभीर अपराध है। उन्होंने बच्चों को सचेत किया कि इंटरनेट और मोबाइल का केवल उचित कार्यों के लिए उपयोग करें। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती और फोटो साझा करने से बचें। सही डिजिटल प्लेटफॉर्म का चुनाव करना सीखें। विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार या साइबर शोषण होता है, तो वे बिना डरे अपनी शिकायत गोपनीय रूप से सकते हैं। महत्वपूर्ण टोल-फ्री नंबर नोट करवाए। कार्यक्रम में अमित चौधरी वीडियों, पवन कुमार सीबीईओ, हरलाल मोगा, सुभाष कड़वासरा, आनंद बिहारी सोलंकी जेइएन नगर पालिका, ओमप्रकाश, बाबूलाल ढाका, रामनिवास ढाका, महाविद्यालय निदेशक प्रवीण बगडिया,प्राचार्य नीतू ढाका सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

## देखेगा विद्यार्थी, सीखेगा विद्यार्थी' कार्यक्रम के अंतर्गत रेलवे स्टेशन नुआ का शैक्षणिक भ्रमण

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** मण्डावा आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय की ओर से मंडावा क्षेत्र में विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से आज 'देखेगा विद्यार्थी, सीखेगा विद्यार्थी' कार्यक्रम के अंतर्गत रेलवे स्टेशन नुआ का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में विद्यालय की फाउंडेशन क्लासेज के छात्र-छात्राओं के साथ 3 राज नेवल एनसीसी यूनिट जयपुर के एनसीसी कैडेट्स ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। भ्रमण के दौरान शिक्षिका प्रीति जोशी एवं अध्यापक नदीम खान विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। पूरे दल का नेतृत्व एनसीसी सीटीओ गोविन्द सोनी द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं सीखने के महत्व के प्रति प्रेरित किया। रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर सुरेश कुमार डूडी ने विद्यार्थियों को रेलवे की कार्य प्रणाली, सिग्नलिंग सिस्टम एवं यातायात संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं पॉइंटमैन विजय कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया तथा स्टेशन का विस्तृत भ्रमण करवाया। विद्यालय निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि इस प्रकार के भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने भी इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और इस शैक्षणिक भ्रमण को अत्यंत उपयोगी बताया।

## सूर्य कप सीजन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा राज्य स्तरीय सूर्य कप सीजन वन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन राजीव गांधी क्रीड़ांगन में भगवान सूर्य की साक्षी में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजस्थान प्रांतीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष गणेश दास सेवग बीकानेर ने किया। तीन दिवसीय सूर्य कप क्रिकेट प्रतियोगिता में जोधपुर, बीकानेर, राजलदेसर, पड़िहारा, कालू, मेड़ता, सरदारशहर सहित 16 टीमों ने भाग ले रही है। शुभारंभ के अवसर पर आरके शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज शर्मा, दिलीप शर्मा, जयपुर से मुरली भोजक, राजेंद्र भोजक, शाकद्वीपीय प्रयास मंडल के अध्यक्ष प्रेम रतन भोजक, ट्रस्टी गणेशमल, बृजमोहन, हुनतमल भोजक, महासभा के अध्यक्ष राजीव भोजक, सचिव सुरेंद्र भोजक, पूर्व अध्यक्ष पवन भोजक, पूर्व सचिव रमेश भोजक, दीनदयाल भोजक, प्रभु दत्त भोजक, कपिल, पुनीत, हिमांशु, आदित्य, सी पी शर्मा, देवेंद्र, अंकुर, नारी शक्ति में रेखा भोजक, सुनिता भोजक, कान्ता भोजक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पधारे सभी अतिथियों का स्वागत साफा व दुपट्टा सूर्य प्रतीक स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। समाज में एकता आपसी समन्वय प्रेम और भाईचारा बनाने में सहयोगी इस प्रकार के आयोजन की सभी ने सराहना की। आए हुए सभी खिलाड़ियों के आवास व भोजन की व्यवस्था सूर्य भवन सरदारशहर में रखी गई है। सभी खिलाड़ी उत्साह और उमंग के साथ भाग ले रहे हैं। विजेता टीम को 21000 रुपए व उपविजेता टीम को 11000 रुपए सहित सूर्य कप ट्रॉफी दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रमेश भोजक ने किया।

# पढ़कर ऊंचाइयां हासिल करें बालिकाएंः मोगा

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** शिक्षाविद्व हरलाल सिंह मोगा ने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर दिया। कहा कि बालिकाएं पढ़कर ऊंचाइयां हासिल करें। अगड़े-पिछड़े से नहीं बल्कि मेहनत से आगे बढ़ा जा सकता है। शनिवार को वे पूनम गर्ल्स कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बेटियां पढ़ाई में मेहनत करके आगे बढ़ें। उनकी शिक्षा से दो परिवार शिक्षित होता है। वे सिर्फ किताबी कीड़ा न बनकर खेल व अन्य क्षेत्रों में भी अपने को आजमाएं। शिक्षा के साथ अच्छा इंसान भी बनें। बालिकाओं को चार मंत्र बताते हुए कहा कि व्यक्ति को हमेशा उदार होना चाहिए। किसी को अगड़े-पिछड़े की भावना नहीं रखनी चाहिए। मेहनत से ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित हुए सीबीईओ पवन कुमार ने कहा कि बेटियां पढ़ लिखकर गौरव हासिल करें। अरुणिमा सिन्हा, कल्पना व सुनीता का उदाहरण देते हुए कहा कि घर की जिम्मेदारी के साथ बेटियां राष्ट्र के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी समझें तथा अच्छी तालीम हासिल कर परिजनों व गांव का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में मण्डावा थाना प्रभारी रामनारायण चोयल,शिक्षाविद्व रामनिवास ढाका, ललिता चौधरी, सुभाष कड़वासरा, बाबूलाल ढाका, मण्डावा पंचायत समिति के विकास अधिकारी अमित चौधरी, जेइएन आनन्दबिहारी सोलंकी, ओम प्रकाश आदि मंचासीन अतिथि रहे। कॉलेज निदेशक प्रवीण बगड़िया, लोकेन्द्र पिलानिया, संदीप, लोकेन्द्र सिंह,आंकाक्षा शर्मा, भारती बुंदेला, मोनिका, पूनम रेवाड़,सुमन नेहरा, संजू आदि ने आगन्तुक मेहमानों का स्वागत किया तथा प्राचार्या नीतू ढ़ाका ने कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान बालिकाओं ने रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतिया दी तथा अतिथियों ने प्रतिभावान बेटियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अनेक लोग, अभिभावक तथा बालिकाएं उपस्थित रही। अन्त में प्रवीण बगड़िया ने सभी का आभार जताया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।